


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 21/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 08 अगस्त 2024 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




## विनेश फोगाट का कुश्ती से संन्यास, लिखा- कुश्ती जीत गई, मैं हार गई

### सिल्वर मेडल के लिए स्पोर्ट्स कोर्ट में अपील की, फैसला आज

**पेरिस।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने पेरिस ओलिंपिक में डिसक्वालिफाई होने के बाद कुश्ती से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने गुरुवार सुबह 5.17 बजे एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- मां कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई। माफ करना आपका सपना, मेरी हिम्मत सब टूट चुके। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब। अलविदा कुश्ती 2001-2024, आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी, माफी।




विनेश ने संन्यास के ऐलान से पहले बुधवार रात अपने डिस्क्वालिफिकेशन के खिलाफ अपील दायर की है। उन्होंने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स से मांग की कि उन्हें संयुक्त रूप से सिल्वर मेडल दिया जाए। विनेश ने पहले फाइनल खेलने की मांग भी की थी। फिर उन्होंने अपील बदली और अब संयुक्त रूप से सिल्वर दिए जाने की मांग की।

हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने घोषणा की है कि राज्य सरकार विनेश को ओलिंपिक सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाड़ी की तरह ही सम्मान-इनाम देगी।

विनेश ने बड़े-बड़े टूर्नामेंट में देश का नाम रोशन किया। ओलंपिक पदक लाने से पहले उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों के अलावा एशियाई खेल, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप में तिरंगा लहराया है। 25 अगस्त 1994 को हरियाणा के बलाली गांव में विनेश फोगाट का जन्म हुआ। विनेश का जन्म भारत के सबसे प्रसिद्ध कुश्ती परिवार में हुआ। विनेश के ताऊ महावीर सिंह ने फोगाट बहनों को बहुत कम उम्र से ही इस खेल से परिचय करा दिया था। विनेश भी अपनी चचेरी बहनों गीता फोगाट और बबीता कुमारी के नक्शेकदम पर चल पड़ीं। महज नौ साल की उम्र में विनेश के पिता का अचानक निधन हो गया था। विनेश के ताऊ जी ने अपनी बेटियों विनेश को भी कुश्ती सिखानी शुरू की।





# आप मध्यप्रदेश में निवेश करें, सरकार हर सुविधा देगी: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने बेंगलुरु में अनेक उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा की









**बेंगलुरु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देश-विदेश के निवेशकों का आह्वान किया है कि वे मध्यप्रदेश में निवेश करें, उन्हें बेहतर माहौल मिलेगा, सरकार हर सुविधा मुहैया कराएगी। वे आज बेंगलुरु में इन्वेस्ट मध्य प्रदेशः इंटरएक्टिव सेशन ओन इन्वेस्टमेंट ऑपरच्युनिटीज इन मध्य प्रदेश, सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर तथा तुलसी के पौधे में जल अर्पित कर शुभारंभ किया। बेंगलुरु के होटल फोर सीजंस में आयोजित सत्र के शुभारंभ अवसर पर मणिपाल समूह के अध्यक्ष मोहनदास पई, ग्रीनको ग्रुप के अध्यक्ष अनिल चलमा शेट्टी, लैप इंडिया के मुख्य परिचालन एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी डॉ शिववेंकट रमानी साथ थे। मध्य प्रदेश सीआईआई के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक इन्फ़ोबींस लिमिटेड सिद्धार्थ सेठी ने मध्य प्रदेश में निवेश के अवसरों और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डाला। उद्योगपतियों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए निवेश की सुविधाओं की जानकारी देती फिल्म एडवांटेज एमपी का प्रदर्शन किया गया। संवाद सत्र में प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह ने मध्य प्रदेश में निवेश के अवसरों, प्रचुर संसाधनों, कुशल कार्यबल और अनुकूल औद्योगिक वातावरण पर प्रस्तुतिकरण दिया।

प्रदेश में आईटी,, आईटीईएस, ईएसडीएम सेक्टर में अवसरों पर प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने जानकारी दी। प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अवसरों पर मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक श्रीमती विदिशा मुखर्जी ने प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश में पर्यटन तथा इस क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ। मध्य प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में अवसरों पर विभाग के सचिव डॉ नवनीत कोठारी ने जानकारी दी।

प्रदेश में निवेश के अवसरों पर उद्योगपतियों से संवाद सत्र में मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड और इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स सेमीकंडक्टर एसोसिएशन, टीआईई ग्लोबल, इलेक्ट्रॉनिक इंडस्टरीज एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया और एसोसिएशन आफ जियो स्पेशियल इंडस्ट्रीज के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए। टीआईई ग्लोबल मिशन, सलाह नेटवर्किंग और शिक्षा के माध्यम से उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के क्षेत्र में गत 29 वर्षों से विभिन्न देशों में सक्रिय है।

संवाद सत्र में लैप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के शिववेंकट रमानी ने मध्य प्रदेश में औद्योगिक इकाई संचालन के अपने अनुभव साझा किए। लैप इंडिया राजगढ़ जिले के पीलू खेड़ी में वर्ष 2012 से केबल निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय है। इसी क्रम में आईटी, शिक्षा और वित्तीय क्षेत्र में सक्रिय मोहनदास पई ने कहा कि मध्य प्रदेश में पर्याप्त लैंड बैंक, उद्योग मित्र नीतियां, उपयुक्त अधोसंरचना और प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हैं। निश्चित ही मध्य प्रदेश देश मे औद्योगिक गतिविधियों का केंद्र होगा।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## अब अलीराजपुर कलेक्टर का फेसबुक एकाउंट हैक, मप्र में 7 कलेक्टरों के साथ ऐसी हरकत

**भोपाल।** इन दिनों मध्यप्रदेश में अफसरों के फर्जी सोशल मीडिया एकाउंट बनाने का दौर चल रहा है। पिछले करीब दो सप्ताह में जबलपुर, धार, सिवनी, उमरिया, शहडोल, शिवपुरी के कलेक्टरों के फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाए गए और अब अलीराजपुर कलेक्टर अभय बेडेकर का फेक सोशल मीडिया एकाउंट बना लिया गया। इसके अलावा प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री और जबलपुर पश्चिम से विधायक राकेश सिंह के नाम का भी फेक फेसबुक अकाउंट बनाया गया।




अफसरों के नाम और फोटो से बनाए गए इन फर्जी एकाउंट से कुछ लोगों से पैसे मांगे जाने की भी खबरें हैं। अलीराजपुर कलेक्टर अभय बेडेकर ने 'मीडियावाला' को फोन पर इस बात की पुष्टि की कि उनके नाम से फेसबुक का फर्जी एकाउंट बनाकर कुछ लोगों को मैसेज करके पैसे मांगे गए। उन्होंने फोन करके जानकारी भी दी। इस बात की जानकारी साइबर सेल को दे दी गई है। इसी महीने जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना का फेसबुक अकाउंट भी हैक हो गया था। किसी अज्ञात हैकर ने उनका अकाउंट हैक कर उनके नाम से लोगों से पैसे मांगे। उसके बाद कलेक्टर ने पुलिस से शिकायत की। सिवनी कलेक्टर संस्कृति जैन का भी सोशल मीडिया एकाउंट इसी तरह हैक हुआ था। इसके अलावा कुछ आईपीएस अफसरों के साथ भी हैकर्स ने इसी तरह की हरकत की।

मध्य प्रदेश में साइबर क्राइम की वारदात लगातार बढ़ रही है। अब इसके शिकंजे में प्रदेश के वीवीआईपी भी आ रहे। आईएएस और आईपीएस अफसरों के अलावा अब तो मंत्रियों को भी शिकंजे में लिया जा रहा। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के परिचितों से पैसे मांगे गए। परिचितों को इस बात का शक हुआ कि राकेश सिंह पैसे नहीं मांग सकते। उन्होंने इस मामले को जानकारी पीडब्ल्यूडी मंत्री को दी। इसके बाद इसकी सूचना साइबर सेल को दी गई।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन हो गया है। वे 79 वर्ष के थे। बुद्धदेव भट्टाचार्य, जो कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के वरिष्ठ नेता थे, उन्होंने पश्चिम बंगाल में 2000 से 2011 तक मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वे कई वर्षों से सांस संबंधी पुरानी समस्याओं से पीड़ित थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी मीरा और उनकी बेटी सुचेतना हैं। उनके नेतृत्व में, राज्य ने कई महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक नीतियों का क्रियान्वयन किया। बुद्धदेव भट्टाचार्य की उपलब्धियों और उनकी सेवा को लेकर शोक और श्रद्धांजलि व्यक्त की जा रही है।

# न ईएमआई बढ़ेगी, न लोन महंगे

## रिजर्व बैंक ने लगातार नौंवी बार रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

**मुम्बई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने तीन दिन की बैठक के बाद रेपो रेट को मौजूदा दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौद्रिक नीति समिति ने 6, 7 और 8 अगस्त को हुई बैठक के में 4:2 के बहुमत से नीतिगत ब्याज दरों यानी रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। रेपो रेट में फरवरी 2023 से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

एमपीसी ने लगातार नौंवी बैंठक में रेपो रेट को 6.5प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया है। एमपीसी के फैसलों के एलान के बाद अब एक बात साफ हो गई कि आम आदमी को ऋणों की ईएमआई पर फिलहाल कोई राहत नहीं मिलने वाली है। एमपीसी के फैसलों की जानकारी देनते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अस्थिरता दिख रही है। हालांकि दुनियाभर में महंगाई में कमी आ रही है। सेंट्रल बैंक अर्थव्यवस्था की स्थिति के आधार पर ब्याज दरों पर फैसला ले रहे हैं। घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती कायम है। सर्विस सेक्टर का प्रदर्शन काफी बेहतर हुआ है। सेवा क्षेत्र और निर्माण क्षेत्र में मजबूती जारी है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि



वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीडीपी 7.2 प्रतिशत बरकरार रहने का अनुमान है। मौद्रिक नीति समिति की पिछली बैठक जो जून में हुई थी में भी एमपीसी के छह में से चार सदस्यों ने रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में मतदान किया था। जयंत वर्मा और आशिमा गोयल ने नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती और रुख में बदलाव के लिए मतदान किया था।

### मुद्रास्फीति कम होगी

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक सतर्क है। उम्मीद है कि मुद्रास्फीति कम होगी। उन्होंने कहा कि महंगाई दर 4 फीसदी पर लाने की आरबीआई की कोशिश जारी है। दास ने कहा कि खाद्य महंगाई दर अब भी चिंताजनक स्थिति में है। मौद्रिक नीति समिति ने वित्तीय वर्ष के लिए महंगाई पर अपने पूर्वानुमान को 4.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया है। एमपीसी की बैठक में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर भी सावधानी बरतने की बात कही गई।

केंद्रीय बैंक का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी, तीसरी और चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति क्रमशः 4.4 प्रतिशत, 4.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत रहेगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि विकास दर में तेजी बरकरार रहेगी। गवर्नर ने कहा कि साउथ वेस्ट मानूसन अब तक बेहतर है। खरीफ की बुवाई भी अच्छी है। दास ने कहा, हम बाजार की उम्मीदों और आरबीआई की नीतियों के बीच अच्छी मात्रा में तालमेल देख रहे हैं।

## वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश

- कांग्रेस-सपा ने बताया, 'धार्मिक आजादी पर हमला'

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पेश कर दिया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बिल पेश किया, जिसका विपक्ष ने पुरजोर विरोध किया। कांग्रेस ने इसे संविधान की भावना के खिलाफ बताया। वहीं समाजवादी पार्टी ने विधेयक को धार्मिक आजादी पर खतरा बताया।



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 का विरोध किया। उन्होंने सदन में कहा, यह बिल संविधान पर मौलिक हमला है। इस बिल के जरिए यह प्रावधान लाया जा रहा है कि गैर-मुस्लिम भी वक्फ गवर्निंग काउंसिल के सदस्य होंगे। यह धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। आगे आप ईसाइयों के खिलाफ जाएंगे, फिर जैनों के खिलाफ। भारत के लोग अब इस तरह की विभाजनकारी राजनीति को स्वीकार नहीं करेंगे।



6 अगस्त को इंदौर में प्रदर्शन के दौरान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने को लेकर आज कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस महानिरदेशक से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मैं लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय जांच एवं दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। इस अवसर पर कांग्रेस नेत अरुण यादव, सज्जन सिंह वर्मा, मुकेश नायक, राजीव सिंह, श्रीमति विभा पटेल, रवि सक्सेना, जेपी धनोपिया, प्रवीण सक्सेना उपस्थित थे।

## भारत में घुस रहे 500 बांग्लादेशियों को बीएसएफ ने रोका

**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश बॉर्डर के पास बुधवार को घुसपैठ कर रहे करीब 500 बांग्लादेशियों को बीएसएफ के जवानों ने जलपाईगुड़ी के पास रोक दिया। नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर के मुताबिक ये लोग बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों के हमलों के डर से इकट्ठा हुए थे।



बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने इन लोगों से बात की, जिसके बाद ये सभी लौट गए। बांग्लादेश से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ हाई अलर्ट पर है। वहीं सोमवार (5 अगस्त) को बांग्लादेश छोड़कर भारत आई शेख हसीना अपने साथ जरूरत का सामान और कपड़े नहीं ला पाई थीं। उन्हें देश छोड़ने के लिए सिर्फ 45 मिनट मिला था। सोमवार को हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पहुंचकर हसीना ने वहां बने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से कपड़े और जरूरी सामान खरीदा था।

## राज्यसभा: मैं अपने आपको यहां सक्षम नहीं पा रहा, नारेबाजी से नाराज सभापति जगदीप धनखड़ कुर्सी छोड़कर उठे

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और संसद के उच्च सदन के सभपति जगदीप धनखड़ नाराज होकर कुर्सी से उठकर चले गए। वे विपक्षी दलों के नेताओं की नारेबाजी से नाराज थे। उन्होंने कहा कि आज यहा जो हुआ, वह ठीक नहीं है। यहां मुझे नहीं, बल्कि सभापति के पद को चुनौती दी जा रही है। विपक्ष के नेता मेरे खिलाफ टिप्पणी कर रहा है। मेरा अपमान कर रहे हैं। ऐसे में में इस कुर्सी पर बैठने के लिए खुद को सक्षम नहीं पा रहा हूं। इस बीच विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। दरअसल, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे सदन में विनेश फोगाट के मुद्द को उठाना चाह रहे थे। इसकी अनुमति नहीं मिलने पर विपक्षी नेता नारेबाजी करने लगे। इस पर ही सभापति नाराज हो गए।



विपक्ष के हंगामे के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने के लिए अनुमति दी। उन्होंने खरगे से पूछा आप क्या कहना चाहते हैं। इस पर खरगे ने कहा की हमने कल भी यह बात रखी थी। यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह सिर्फ विनेश फोगाट से जुड़ा नहीं है। हम यह चर्चा करना चाहते हैं कि इसके पीछे आखिर कौन है? इसी दौरान विपक्ष की ओर से हंगामा शुरू हो गया। सभापति ने कहा कि कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा तो हंगामा तेज हो गया। इसी दौरान सभापति जगदीप धनखड़ नाराज हो गए। उन्होंने टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन पर नाराजगी जताते हुए कहा, सदन में आपका व्यवहार सबसे खराब है। आप चेयर की ओर चिल्ला रहे हैं। मैं आपके व्यवहार की निंदा करता हूं। अगली बार मैं आपको सदन के बाहर कर दूंगा। आपने चेयर पर चिल्लाने की हिम्मत कैसे की। इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। विपक्ष के वॉकआउट के बाद भी सभापति अपनी पीड़ा वक्त करते रहे।

उन्होंने कहा, हमने सदन के अंदर अभी सबसे खराब स्थिति को देखा। हमने आपातकाल के दौरान अपने संविधान का सबसे काला दौर देखा था। हमें पता है यह कैसे शुरू हुआ था। यह सबसे संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती देने के साथ शुरू हुआ था। जून 1975 में चुनौती थी। अभी भी गंभीर चुनौती है। क्या इस तरह के व्यवहार की कोई सही ठहरा सकता है। उन्होंने कहा, वो सोचते हैं वो सभी बहुत बुद्धिमान हैं। वो सोचते हैं अकेले वही हैं जिनके दिल को दुख पहुंचा है।

# तिरंगा यात्रा : विधायक रामेश्वर शर्मा और कलेक्टर ने किया मार्ग का निरीक्षण



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान हर घर तिरंगा अभियान के तारतम्य में अखंड भारत स्मृति दिवस 14 अगस्त को हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु सक्रिय भोपाल की कर्मश्री संस्था के तत्वाधान में किया जा रहा है। जिसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। यात्रा कोलार के मदर टेरेसा स्कूल से प्रारंभ होकर बैरागढ़ के भैंसाखेड़ी तक जाएगी। जिसमें भोपाल सहित आसपास क्षेत्र के हजारों नागरिक सम्मिलित होंगे। मंगलवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल कलेक्टर सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के विभिन अधिकारियों के साथ तिरंगा यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को यात्रा की तैयारियों से संबंधित निर्देश दिए। मीडिया से संवाद करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - अखंड भारत हर भारतीय का सपना है। यह हर मन का अरमान है। इसलिए 14 अगस्त को भोपाल में तिरंगा यात्रा का आयोजन कर इस सपने में जान डालने का प्रयास करते हैं।

पिछले साल 20 हजार से अधिक राष्ट्रप्रेमियों ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता इसे विशाल और भव्य स्वरूप दिया था। इस बार उससे भी अधिक लोगों के सम्मिलित होने का अनुमान है। हम सब मिलकर इस यात्रा को भारतवर्ष की विशाल तिरंगा यात्रा बनाने जा रहे हैं। जिसके माध्यम से पूरे देश में अखंड भारत का स्वर गुंजायमान करेंगे। हम भोपाल से प्रारंभ कर हर दिल में तिरंगा लहराएंगे।

तिरंगा यात्रा मार्ग के निरीक्षण के दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, डिप्टी कमिश्नर पुलिस सुंदर सिंह कनेर एवं संजय सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम टीना यादव, कार्यपालन यंत्री अवनेन्द्र सिंह एवं जाविद शकील, एसडीएम रविशंकर राय एवं अर्चना शर्मा, एसीपी अंजली रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने मार्ग संबंधी योजना अनुरूप व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

# सिरोंजिया अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया हिंडोला तीज पर झूलन महोत्सव



**भोपाल।** श्री राधाकृष्ण के झूलन महोत्सव पर भगवान श्री को झुलाकर महिलाओं ने झूले झूल कर हर्षोल्लास के साथ श्री सिरोंजिया अग्रवाल महिला मंडल द्वारा भूपेश आचार्य मन्दिर राधावल्लभ लालजी के सानिध्य में मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि मालती राय महापौर, श्रद्धा आलोक शर्मा और महिलाओं द्वारा हरे वस्त्रों के साथ हरियाली तीज और झूलन महोत्सव के सुन्दर भजनों की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर मनमोहन मंगल, पार्षद विनीता विकास सोनी,पार्षद पूजा शर्मा और काफी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

# संतनगर के झूलेलाल मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा चालीहा महोत्सव



**संत हिरदाराम नगर।** भगवान झूलेलाल के चालीहा पर्व की इन दिनों संत हिरदाराम नगर के विभिन्न मंदिरों में खासी धूम मची है। वार्ड 4 स्थित 50 साल पुराने झूलेलाल मंदिर में प्रतिदिन सिंधी छेज, आरती, पल्लव का आयोजन हो रहा है, जिसमें वेदांत संत एवं विचारक लाल साईं महाराज भी पहुंचे। आयोजन समिति के संयोजक पुरूषोतम हरचंदानी ने बताया कि यहां लाल साईं महाराज का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान झूलेलाल की सच्चे मन से समर्पण भाव व श्रद्धा से आराधना एवं पूजा करने से व्यक्ति की हर मनोकामना पूर्ण होती है। झूलेलाल चालीहा पर प्रकाश डालते हुए वेदांत संत व विचारक लाल साईं महाराज ने कहा कि 16 जुलाई से 24 अगस्त तक इन्द्र देवता खूब बरसते हैं, और हर तरफ हरियाली एवं खुशी का वातावरण होता है क्योंकि भगवान झूलेलाल ही वरूणावतार एवं इन्द्र देवता हैं इस कारण इन 40 दिनों में समाज का हर वर्ग किसान सहित सभी प्रसन्न रहते हैं। चालीस दिन तक जो भी श्रद्धालु उपवास रखकर उपासना करता है, उसके जीवन में आनंद एवं सुख की हमेशा कृपा रहती है।

## डेयरीका खाद्य पंजीयन निलंबित, खुले में विक्रय की समस्या पर कड़ी कार्रवाई

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने जिले में खाद्य पदार्थों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए सख्त निरीक्षण अभियान चलाया। आज ग्राम-दुपाड़िया चौराहा, बैरसिया रोड, भोपाल स्थित डेयरी राकेश दूध सप्लायर की जांच में पनीर और मावा के नमूने एकत्र किए गए। अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में निर्माण और संग्रहण के कारण इस प्रतिष्ठान का खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान खाद्य कारोबार पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, आज के निरीक्षण में अशोका गार्डन, गांधीनगर, रेलवे स्टेशन के सामने, चांदबड, लालघाटी, नरेला शंकरी और बैरसिया में संचालित 50 रेस्टोरेंट और खोमचों को खुले में खाद्य पदार्थों को ढंकने के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में खुले में खाद्य पदार्थों के विक्रय पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 56 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्यवाही 10 अगस्त तक सघन रूप से की जाएगी। भोजराज सिंह धाकड़, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण में पाया गया कि डेयरी राकेश में अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियों में दुग्ध उत्पादों का निर्माण और भण्डारण हो रहा था।

# धर्म रक्षक के विचार मंथन में गूंजा हिन्दूराष्ट्र का जयघोष



**संत हिरदाराम नगर।** संस्था धर्म रक्षक मध्यप्रदेश द्वारा बैरागढ़ भोपाल में 7वाँ हिन्दूराष्ट्र विचार मंथन आयोजन किया गया। विचार मंथन में मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता साध्वी सरस्वती ने सभी को हिन्दुराष्ट्र का संकल्प दिलाया। गोवा राज्य से हिन्दू जनजाग्रति समिति के मार्गदर्शक डॉ. चारुदत पिंगले ने अपना मार्गदर्शन दिया। धर्म रक्षक के संस्थापक विनोद यादव ने बतया की कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के अलग अलग जिलों से हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधि समलित हुए साथ ही महराष्ट्र एवं दिल्ली से भी हिंदुत्ववादी कार्यक्रम शामिल हुए साथ ही अपने जिलों प्रदेश में समस्या एवं समाधान पर चर्चा की। कार्यक्रम धर्म रक्षक बैरागढ़ विभाग के अध्यक्ष दीपक मेहर ने जानकारी दी। धर्म रक्षक के संयोजक अभय पंडित, रामेश्वर पंकज मिश्र, जबलपुर से साध्वी लता दीदी, संगीत वर्मा, इंदौर से मिनाक्षी सारण, भोपाल से योगेश परमार सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

# मां से आशीर्वाद लेकर और बेलपत्र का पौधा लगाकर गोविंद कहारे ने मनाया जन्मदिवस





**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी टैगोर मंडल महामंत्री/नवयुवक अहिरवार सुधार संघ के अध्यक्ष गोविंद कहारे का जन्म दिवस उनके निज निवास सेवनिया गोद सूरज नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आज अपने जन्म दिवस के अवसर पर इन्होंने नए पुराने नगमे गीत गाकर लोगों का अभिवादन भी किया। इस अवसर पर गोविंद डेरी और रियल एस्टेट के समस्त स्टाफ द्वारा 21 किलो का केक काटकर जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी( इस अवसर पर पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, विधायक भगवान दास सबनानी ने गोविंद को हार पहना कर जन्म दिवस की शुभकामनाओं के साथ दीर्घायु होने की भी शुभकामनाएं दी। जन्मदिवस के अवसर पर आशीर्वाद देने आए उमाशंकर गुप्ता और भगवान दास सावधानी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जन्मदिवस पर आशीर्वाद देने के उपरांत सबनानी ने बताया कि दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 26 टैगोर मॉडल में जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी प्रचार प्रसार और संगठन को मजबूत करने के लिए दिन-रात मेहनत करने वाले गोविंद काहरे जिस प्रकार से कार्य कर रहे हैं। साथ ही इतने मिलनसार होने के साथ-साथ समाज के उन वर्गों को लेकर चलते हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता नवयुवक समाज सुधार के सभी वरिष्ठ युवा साथी और कार्यकर्ता उपस्थित हुए सभी ने गोविंदा के साथ के काटकर जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी।

# एलएन आयुर्वेद कॉलेज मे सात दिवसीय कार्यक्रम



**भोपाल।** एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम की श्रृंखला काआयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता, पेपर प्रेजेंटेशन और पोस्टर प्रेजेंटेशन कंपटीशन रखा गया । साथ ही स्तनपान को लेकर जागरूकता लाने हेतु कला कुंज फाउंडेशन के साथ मिलकर जागरूकता अभियान (अवेयरनेस कैंप )लगाए गए । अंतिम दिन स्टेट लेवल सेमिनार स्तन्य जीवनम 2024 का आयोजन किया गया ।जिसमे सम्पूर्ण प्रदेश से लगभग दो सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया । जिसके उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ एन के थापक थे विशिष्ट अतिथि के तौर पर जेके हॉस्पिटल के प्रोफेसर डॉ श्वेता आनंद व डॉ प्रियंका श्रीवास्तव , प्राचार्य डॉ सपन जैन, निदेशक डॉ विशाल शिवहरे व उप्राचार्य डॉक्टर वर्षा बंजारी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग डॉ शैलेष जैन द्वारा किया गया।

## पोको ने पॉवर, स्टाईल और साउंड के लिए एम6 प्लस 5जी और बड्स एक्स1 लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के कं ज़्यूमर टेक स्पेस में तीव्र वृलि करते हुए पोको ने आज अपनी एम-सीरीज़ में पोको एम6 प्लस 5जी पेश ककया। एम6 प्रो की सफलता को आगे बढ़ाते हुए एम6 प्लस 5जी में ररग फ्लैश लडज़ाईन के साथ प्रीलमयम ग्लास कदया गया है। इसमें 3एक्स इन-सेंसर ज़ूम के साथ 108 मेगालपक्सल का कैमरा और स्नैपड्रैगन 4 जेन2 एई प्रोसेसर है। पोको ने बड्स एक्स1 भी पेश ककए हैं, लजनमें 40 डेलसबल का हाईलिड एलक्टव नॉईज़ कैं सेलेशन और कस्टमाईज़ेबल ऑलडयो सेरटग्स हैं, जो सुनने का बहुत व्यलिगत अनुभव प्रदान करती हैं। यह स्माटमफोन प्रबु और टेकप्रेमी जेन ज़ी ग्राहकों की सभी अपेक्षाओं को पूरा करेगा, जो पॉवर और स्टाईल के साथ बेहतर अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं। पोको युवाओं, लवशेषकर जेन ज़ी को प्रेररत करने और उनके ललए चुनौती का लनमामण करने पर कें कित है। इसललए यह अपनी अलितीय लडज़ाईन फिलॉसफी और उत्पाद की लवशेषताओं के साथ उन्हें अतुलनीय अनुभव प्रदान करता है। अपेक्षाओं को बढ़ाते रहने का मानक स्थालपत ककया और अत्यलधक किफायती मूल्यों में उत्कृष्टता प्रदान करने के मानक बनाए।

## इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड के एग्रो और इंफ्रा डिवीजन ने 280 मिलियन रुपये का ऑर्डर प्राप्त किया

**भोपाल।** लाइफ एसेंशियल्स के बिज़नेस में अग्रणी इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने अपने एग्रो और इंफ्रास्ट्रक्चर व्यवसायों के लिए 280 मिलियन रुपये का एक महत्वपूर्ण ऑर्डर हासिल किया है। यह आदेश कंपनी के ग्राहकों के उसके उत्पादों और सेवाओं में निरंतर विश्वास और गुणवत्ता को रेखांकित करता है। अपने मूल्यवान ग्राहकों से दोबारा मिलने वाला व्यवसाय इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड की विश्वसनीयता और उत्कृष्टता का प्रमाण है। ये कदम न केवल कंपनी को उसके वित्तीय लक्ष्यों की ओर ले जाते हैं बल्कि उसके सभी हितधारकों के लिए पर्याप्त लाभ भी सुनिश्चित करते हैं। इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड गुणवत्ता और सेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि यह अपने व्यवसाय संचालन को विकसित और विस्तारित करना जारी रखता है।

# मप्र ने कला जगत में अनमोल कलाकार दिए : रजा मुराद




**भोपाल।** देश के हृदयप्रदेश मध्यप्रदेश ने कला जगत में अनमोल कलाकार दिए हैं। आज दर्शकों के सबसे पंसदीदा ओटीटी के दौर में यहां के कलाकार अपने हुनर का जलवा बिखेर रहे हैं। यहां हर वो चीज़ उपलब्ध है जो फिल्म निर्माण जगत के लिए महत्वपूर्ण है। मेरा यकीन है कि एमपी जल्द ही कला जगत में हुनर प्रदेश नाम से जाना जाएगा। यह कहना है बॉलीवुड के मशहूर एवं वरिष्ठ अदाकार रज़ा मुराद का। उन्होंने यह बात बुधवार को राजधानी के यश एंटरटेनमेंट के स्टूडियो के लोकार्पण के अवसर पर कही। दशकों से बॉलीवुड में अपने अभिनय के दम पर छाप छोड़ने वाले श्री मुराद ने कलाकारों के निखार के पहलुओं के सवाल पर कहा कि एक कलाकार की पर्सनालिटी में हर तरीके से निखार की जरूरत होती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं मध्यप्रदेश से निकल कर दुनिया में छा जाने वाले किशोर कुमार। वे अदाकारी के साथ गाने व नृत्य में भी निपुण थे। वे सम्पूर्ण कलाकार कहे जाते हैं। मेरा मानना है की ऐसे नगीने प्रदेश के दामन में छिपे हुए हैं और यश एंटरटेनमेंट उन्हें बखूबी तराशकर दुनिया के सामने ला रहा है। बतौर कलाकार वे यहां अभिनय के साथ सिंगिंग, मॉडलिंग और डांसिंग में ग्रूम कर रहे हैं व मंच पा रहे हैं।

फिल्मी दुनिया में संघर्ष अब पहले जैसा नहीं रहा। अगर कलाकार में हुनर है तो वो दर्शकों द्वारा सराहा जाएगा और उसके लिए आगे दरवाजे खुद-ब-खुद खुल जाएंगे। जरूरत है कि लोकल टैलेंट को तराशा जाए और उन्हें मौके दिलवाए जाएं। इस दिशा में यश एंटरटेनमेंट वाक़ई अच्छा काम कर रहा है। इस नेक काम में मैं भी उनके साथ जुड़ गया हूं। अपने 73 साल के अनुभव को नए कलाकारों के साथ बांटना चाहता हूं।

**लोकल टैलेंट को सपोर्ट करना जरूरी:** मुराद ने कहा कि मध्य प्रदेश में लोकल स्तर पर टैलेंट छिपा हुआ है। इस टैलेंट को दुनिया के सामने लाने के लिए महज फिल्में ही एक माध्यम नहीं रह गई हैं। मनोरंजन चैनलों पर आने धारावाहिकों से ज्यादा अब ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर दर्शक अपना वक्त बिता रहे हैं। बड़े-बड़े कलाकार ओटीटी प्लेटफार्म की वेब सीरीज के लिए अभिनय कर रहे हैं। इससे ओटीटी की गंभीरता का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। कई ऐसी फिल्में आई हैं, जिनमें बड़े कलाकार नहीं थे, लेकिन उन्होंने दर्शकों को खींचा। 12ह्ब्ध फेल इसका एक बेहतरीन उदाहरण है।

### कर रहे वेब सीरीज का निर्माण, प्रदेश के टैलेंट को भी मौका: नंदिनी राजपूत

यश एंटरटेनमेंट की डायरेक्टर नंदिनी राजपूत ने बताया कि हम वेब सीरीज निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। इसमें प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश के लोकल टैलेंट को मौका दिया गया है। उन्हें भविष्य में अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। हमने अपने एक्सपर्ट्स से भी कलाकारों की ग्रूमिंग करवाई है। हमें मध्य प्रदेश में हर वो संभावना नजर आती है, जो एक बेहतर प्रोडक्शन के लिए जरूरी है। स्टूडियो की ओर से आगे एक गरबा इवेंट भी किया जाएगा। यश एंटरनेटमेंट का उद्देश्य केवल मनोरंजन प्रदान करना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करना भी है। रजा मुराद ने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि भोपाल मेरा अपना शहर है। इससे मेरा बड़ा जज्बाती रिश्ता रहा है। यहीं मेरा पूरा परिवार फला फूला। मैंने एक खंबे के नीचे लगी लाइट में 10 दिन परीक्षा की तैयारी की और पेपर दिया। मैं जब भी वहां से गुरता हूं, तो खंबे के नीचे रुककर उसे सलाम करता हूं। जब भी आप कोई नेक काम करते हैं तो लोग आपके साथ जुड़ते चले जाते हैं। नंदिनी भी बड़ा नेक काम कर रही हैं, इसलिए में भी उनके साथ जुड़ गया हूं। किसी भी काम के लिए पहले आपको ट्रेनिंग लेनी पड़ती है। मुंबई महंगा है वहां रहने और खाने की समस्या है।

## पीटीसी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में शानदार आय की घोषणा की

भोपाल। अनेक क्रिटिकल और सुपर-क्रिटिकल ऐप्लिकेशंस हेतु हाई-क्वॉलिटी तथा हाई-प्रिसिजन (परिशुद्धता) मेटल कंपोनेंट्स के मैन्युफैक्चरर पीटीसी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (बीएसई- 539006, एनएसइ) ने आज 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कुल आय फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही में 744.2 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में 505.2 मिलियन रुपये दर्ज की गई, इसके लिए तिमाही के दौरान बिक्री में मामूली गिरावट, मुख्य रूप से अस्थायी मांग में उतार-चढ़ाव और सप्लाई चेन समायोजन को ज़िम्मेदार ठहराया गया है और कंपनी को आगे चलकर मज़बूत और अधिक लचीले प्रदर्शन का विश्वास है। एबिटा फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में 136.9 मिलियन रुपये के मुकाबले फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही में 226.7 मिलियन रुपये रहा, साथ ही फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में एबिटा मार्जिन 27.1 प्रतिशत दर्ज हुआ। शुद्ध लाभ फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में 112.8 मिलियन रुपये के मुकाबले 49.0 मिलियन रुपये रहा।सिंगल क्रिस्टल और डायरेक्शनली सॉलिडिफाइ कास्टिंग की मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्रौद्योगिकी और क्षमता विकसित करता है- एरोलॉय टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एयरोस्पेस ऐप्लिकेशंस के लिए सिंगल क्रिस्टल और डायरेक्शनली सॉलिडिफाइ ब्लेड्स और वेन्स के उत्पादन के लिए सबसे एडवांस्ड कास्टिंग टेक्नोलॉजी डेवलप की है।

# भोपाल संभाग के आयुक्त और वित्त विभाग के सचिव जायेंगे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली



### मप्र कैडर के आईएएस को केंद्र में मिली यह जिम्मेदारी

| आईएएस | बैच | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| दीप्ति गौड़ | 1993 | सीईओ नेशनल हेल्थ अथॉरिटी |
| पवन शर्मा | 1999 | रक्षा विभाग में ज्वाइंट सेक्रेटरी |
| अजीत कुमार | 2002 | ईसीआई में डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर |
| छवि भारद्वाज | 2008 | डीओपीटी में ज्वाइंट सेक्रेटरी |
| वी किरण गोपाल | 2008 | नेशनल हेल्थ अथारिटी में ज्वाइंट सेक्रेट्री |
| नंदकुमारम | 2008 | सीईओ नेशनल ई गवर्नेंस डिवीजन |

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भोपाल संभाग के आयुक्त पवन शर्मा और वित्त विभाग के सचिव अजीत कुमार भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जाएंगे। केंद्रीय कार्मिक विभाग ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। एमपी कैडर के 4 अफसरों के कामों में बदलाव किया गया है।

**एमपी कैडर के यह आईएएस भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर:** एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन, अलका उपाध्याय, आशीष उपाध्याय, मनोज गोविल, पंकज अग्रवाल, वीएल कांताराव, आशीष श्रीवास्तव, नीलम शमी राव, दीप्ति गौड़ मुखर्जी, पल्लवी जैन गोविल, हरिरंजन राव, नीतेश व्यास, फैज अहमद किदवई, केरोलिन खोंगवार देशमुख पहले से केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर हैं। अब पवन शर्मा और अजीत कुमार भी दिल्ली प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। मप्र कैडर के आकाश त्रिपाठी, राहुल जैन, ज्ञानेश्वर पाटिल, संकेत भोंडवे, विकास नरवाल, जेपी आइरिन सिंथिया, शशांक मिश्रा, स्वाती नायक, नंदकुमारम, षणमुगा मिश्रा, विशेष गढ़पाले, विजय कुमार जे, रूही खान व आशीष भार्गव भी केंद्र में सेवाएं दे रहे हैं। नंदकुमारम और छवि भारद्वाज मसूरी में पदस्थ थीं। जिन्हें अब दिल्ली में पदस्थ किया गया है।

## भोपाल-रीवा-भोपाल ट्रेन को सप्ताह में 2 दिन के स्थान पर प्रतिदिन चलवाने की मांग

**भोपाल।** भोपाल-रीवा-भोपाल ट्रेन को सप्ताह में 2 दिन के स्थान पर प्रतिदिन चलवाने और ट्रेन का नामकरण विंध्य एक्सप्रेस करवाने का अनुरोध। नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंटकर रीवा वासियों को भोपाल-रीवा-भोपाल ट्रेन की सौगात के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ.यादव से केंद्रीय रेल मंत्रालय से भोपाल-रीवा-भोपाल ट्रेन को सप्ताह में 2 दिन के स्थान पर प्रतिदिन चलवाने और ट्रेन का नामकरण विंध्य एक्सप्रेस करवाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव को पत्र सौंप कर राज्य मंत्री बागरी ने कहा कि विंध्य क्षेत्र में यात्रियों की अत्यधिक संख्या को देखते हुए भोपाल-रीवा-भोपाल ट्रेन का साप्ताहिक के स्थान पर प्रतिदिन संचालन किया जाना ठीक रहेगा। साथ ही जन भावनाओं का सम्मान करते हुए ट्रेन का नाम विंध्य एक्सप्रेस केंद्रीय रेल मंत्रालय से करवाने का अनुरोध किया।

## प्रदेश को डिप्थीरिया मुक्त बनाने अभिभावक अपनी सहभागिता निभाएं: शुक्ल

**भोपाल।** उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि बच्चे देश का भविष्य हैं, उनको पूर्ण प्रतिरक्षित कर, जानलेवा बीमारियों से मुक्त रखना, हम सबकी संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने जन-भागीदारी से टीकाकरण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर, देश में अगुवाई की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को डिप्थीरिया मुक्त बनाने के लिए नई पहल के तहत 8 अगस्त से प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में प्रति सप्ताह गुरुवार शालेय टीकाकरण दिवस आयोजित किया जाएगा। इसमें पांचवी एवं ग्यारहवीं कक्षा के बालक-बालिकाओं को डीपीटी/टीडी के टीके दिये जाएगें।



उप-मुख्यमंत्री ने समस्त अभिभावकों पालकों से अपील की है कि जिस प्रकार पोलियो उन्मूलन को, जन-आंदोलन बनाकर आप सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उसी प्रकार, सभी मिलकर भय- भ्रांति मुक्त वातावरण में शत-प्रतिशत बच्चों को टीकाकृत कर प्रदेश को डिप्थीरिया मुक्त बनाने में अपनी सहभागिता निभायें।

## कस्तूरी हैबिटेट में धूमधाम से मनाई गई हरियाली तीज





भोपाल। अवधपुरी स्थित कस्तूरी हैबीटेट कॉलोनी में हरियाली तीज का भव्य आयोजन किया गया ,जिसमे कॉलोनी की सभी महिलाओं ने मिलकर धूमधाम से हरियाली तीज मनाया,,कॉलोनी की सदस्य नेहा ने बताया कि आयोजन में मेहंदी,ग्रुप डांस,विभिन्न प्रकार के गेम,एवं उपहारों का वितरण कार्यक्रम किया गया,आयोजन का संचालन प्रियंका मित्तल एवम मधुलिका त्रिपाठी द्वारा किया गया,,कार्यक्रम के सफल आयोजन में सौम्या, पूजा, कंचन, शालिनी, राखी, अल्पना, मोहिनी नेगी, शैल सक्सेना ,प्रीति,एवम दीप्ति का मुख्य योगदान रहा।

# हरदा ब्लास्ट में लेबर कोर्ट में मुआवजे का मुकदमा दायर

**श्रम मंत्री बोले-रिपोर्ट में142 का आंकड़ा आया, हमने 200 प्रभावितों के हिसाब से कोर्ट में रखा है**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

6 फरवरी को हरदा की पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में करीब 50 घरों को नुकसान हुआ था और सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। देश के इस चर्चित मामले में मप्र के श्रम विभाग ने लेबर कोर्ट में मुआवजे के लिए मुकदमा दायर किया है। श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल ने इसकी जानकारी प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान दी।



**136 से 142 का आंकड़ा आया:** श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया हरदा ब्लास्ट मामले की रिपोर्ट का आंकड़ा आ गया है। ये आंकड़ा 136-142 के आसपास है। श्रम न्यायालय में उसका मुकदमा डाल दिया गया है। मैं मानता हूं कि जितने प्रयास हो सकते थे जो नाम हमको श्रमिकों के मिले, उनकी तरफ से हमारे मंत्रालय ने मुआवजे के लिए मुकदमा लगाया है और वो संख्या हमने 200 तक रखी है। ताकि भविष्य में भी कोई हमारे सामने क्लिमेंट आएगा तो हम उसके साथ न्याय कर सकें।

**200 प्रभावितों के हिसाब से रखी गुंजाइश:** श्रम मंत्री ने पिछली बार विभागीय रिपोर्ट वापस करने को लेकर कहा- रिपोर्ट वापस करने का मतलब उसको रिजेक्ट करना नहीं होता है। कोशिश होती है कि आपके पास जो आंकड़ा है घायलों का मरने वालों का या जो लोग वहां पर काम कर रहे थे।

## प्रहलाद पटेल ने पूर्व मंत्री सज्जन के बयान पर दर्ज कराई कड़ी आपत्ति

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है, उन्होंने कहा कि सज्जन वर्मा ने जो भाषा प्रयोग की है वो देशद्रोह की परिधि में आती है, उनपर मुकदमा दर्ज होना चाहिए, उन्होंने कहा सलमान खुर्शीद हो और कोई भी नेता उसपर भी एक्शन होना चाहिए। प्रह्लाद पटेल में आज भोपाल स्थित अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात की। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश की सभी महिला सरपंचों का एक सम्मेलन आयोजित करने जा रहे हैं ये महिला सशक्तिकरण को समर्पित होगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह 10 अगस्त को श्योपुर में समूह की महिलाओं का सम्मेलन होगा, यहाँ रक्षा बंधन से जुड़े कार्यक्रम होंगे जिसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आयोजित करेगा, मंत्री ने कहा कि तिरंगा यात्रा को लेकर भी कार्यक्रम होंगे जिससे नई पीढ़ी स्वतंत्रता के मूल्य को समझे और अपने कर्त्तव्य के प्रति जागरूक हो, इसके लिए एक सर्कुलर जारी किया गया है।

## एम्स ने किया सिविल अस्पताल बरेली में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन



**भोपाल।** एम्स भोपाल के डॉक्टरों की एक टीम ने कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह के नेतृत्व में रायसेन जिले के सिविल अस्पताल, बरेली में 4 अगस्तो 2024 को एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल और बरेली नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत चौधरी ने भाग लिया। शिविर का समन्वयन बरेली, रायसेन जिले के एक सामाजिक कल्याण संगठन टीम पहल द्वारा किया गया था। इस आउटरीच कार्यक्रम के दौरान, एम्स भोपाल की टीम ने कुल 122 मरीजों को देखा।

## गांधी मेडिकल कॉलेज में कार्यशालाओं का आयोजन



**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल, गर्व के साथ ईएमइंडिया 2024 की मेजबानी कर रहा है, जो आपातकालीन चिकित्सा में प्रगति के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है। यह विशिष्ट अकादमिक कार्यक्रम रोगी-केंद्रित शिक्षा, अनुसंधान और गुणवत्ता देखभाल में मौलिक प्रस्तुतियों को उजागर करता है। जी.एम.सी की अधिष्ठाता डॉ कविता सिंह की अध्यक्षता में आपातकालीन चिकित्सा विभाग की प्राध्यापक डॉ. रुचि टंडन, सह प्राध्यापक डॉ. ताहिर अली खान और सह प्राध्यापक डॉ. योगेश शर्मा के नेतृत्व में, जीवन बचाने के कौशल को बढ़ाने और युवा डॉक्टरों को कुशलता से प्रशिक्षित करने के लिए अत्याधुनिक कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। ईएमइंडिया 2024 में आपातकालीन चिकित्सकों के लिए कई महत्वपूर्ण कौशल पर केंद्रित कार्यशालाएं होंगी। प्रतिभागियों को विशेषज्ञों से सीखने का मौका मिलेगा, जिससे वे इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता को बढ़ा सकेंगे। गांधी मेडिकल कॉलेज, एमस दिल्ली, एमस भोपाल, एल.एन.एम.सी, बी.एम.एच.आर.सी, और अन्य कॉलेजों के सहयोग से, आपातकालीन चिकित्सा के भविष्य को आकार देने वाली चर्चाओं और व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों के लिए मंच तैयार कर रहा है।

**गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल की सामान्य सभा की बैठक में हुए शामिल**

# शोध कार्य को बढ़ावा दें, शैक्षणिक गुणवत्ता के स्तर को उत्कृष्ट करें: उप-मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल।** उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि मेडिकल कॉलेज में शोध कार्यों को बढ़ावा देने के प्रयास किए जायें। शोध कार्य के लिए आवश्यक फंड की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और स्वास्थ्य संबंधी नवीन चुनौतियों का सामना करने के लिए शोध कार्य अहम है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदाय के लिए सदैव प्रयासरत रहने के निर्देश दिये। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज से शिक्षा प्राप्त चिकित्सक ऐसे हों कि उनकी प्रतिभा देश-विदेश में स्थापित हो। उप-मुख्यमंत्री गाँधी मेडिकल कॉलेज भोपाल की सामान्य सभा की बैठक में शामिल हुए। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गाँधी मेडिकल कॉलेज स्वशासी समिति भोपाल के विगत वित्तीय वर्ष (2023-24) के आय-व्यय की समीक्षा की। उन्होंने छात्रावासों के उन्नयन और आवश्यकतानुसार नवनिर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक जाँच सुविधाओं के लिए बजट में आवश्यक प्रावधान किए गये हैं। नागरिकों को सहजता से एवं समय पर जाँच सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हमीदिया चिकित्सालय में कैथलैब शिफ्टिंग कार्य में हुए विलंब पर नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि अविलंब शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण किया जाये तथा मरीज़ों को असुविधा न हो यह सुनिश्चित करें। संबंधित विभागीय अधिकारी ने बताया कि समस्त औपचारिकताएँ एवं सक्षम अनुमतियाँ (जिनमें एईआरबी की अनुमति भी शामिल है) प्राप्त कर ली गई हैं, शिफ्टिंग कार्य 3 माह के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने परिसर में प्रगतिरत एवं प्रस्तावित नवीन ओपीडी ब्लॉक, मल्टी लेवल पार्किंग, गर्ल्स हॉस्टल निर्माण आदि की प्रगति की समीक्षा की।



## एम्स में आपातकालीन विभाग में भीड़भाड़ को कम करने पर राष्ट्रीय परामर्श बैठक आयोजित



**भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल में बुधवार को भारत भर के आपातकालीन विभागों में भीड़भाड़ से निपटने की रणनीतियाँ विषय पर एक दो दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श बैठक का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर वर्चुअल रूप से जुड़े स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव, श्री अपूर्व चंद्रा ने एम्स भोपाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद एम्स भोपाल अपने ट्रॉमा और इमरजेंसी मेडिसिन विभाग का कुशलता से संचालन कर रहा है। आपातकालीन चिकित्सा एक विशेष क्षेत्र है, और मैं प्रो. (डॉ) अजय सिंह को इमरजेंसी मेडिसिन से सबंधित पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए मंत्रालय और नीति आयोग में प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित करता हूँ। संयुक्त सचिव, सुश्री अंकिता शर्मा बुंदेला ने वर्चुअल माध्य म से आयोजकों को बधाई देते हुए कहा, ट्रॉमा और आपातकालीन मामलों को संभालना बहुत चुनौतीपूर्ण है।

# रोटरी क्लब ईस्ट की स्वर्ण जयंती पर खेलकूद स्पर्धा आयोजित





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल और एजुकेशन एज द्वारा स्वर्ण जयंती पर प्रथम खेलकूद स्पर्धा टी टी नगर स्टेडियम में 1 से 3 अगस्त आयोजित गई जिसने भोपाल के 12 प्रतिष्ठित स्कूल भाग लिया रहे थे स्पर्धा का समापन रोटरी 3040 के मंडलाध्यक्ष अनीस मलिक ने किया

इसमें इस वर्ष माउंट फोर्ट, कार्मेल कॉन्वेंट, बाल भारती स्कूल , एम एस बी एजुकेशन, संस्कार वैली रेडरोज, हेमा ,जी वी एन, आइवी ग्लोबल , आइकॉनिक स्कूल, होली फैमिली कॉन्वेंट एवम् श्री भवन भारती के एक हजार से अधिक छात्र छात्रों ने भाग लिया । वर्षा के कारण बास्केटबाल प्रतियोगिता स्थगित की गई जो बाद में की जायेगी एथलेटिक स्पर्धा में सर्वाधिक स्वर्ण पदक होली फैमिली कॉमेंट के छात्रों ने तथा कार्मेल कॉन्वेंट की छात्राओं ने प्राप्त किए इस आयोजन की प्रभारी अल्पना मिश्रा ने बताया कि यह प्रतिवर्ष होगी और इस इवेंट्स को सफल बनाने में स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भी सहयोग दिया है

इस अवसर पर रोटेरियन धीरन दत्ता श्रीमती कुमुद तिवारी, सुनिल भार्गव ऋतु राज परमार श्रीकांत फाटक डॉ पी .के भागवत ,जी के छिब्बर , रोहित पांडे, प्रखर तिवारी एवम स्कूलो के खेल अधिकारी उपस्थित रहें।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 368 बच्चों का हुआ परीक्षण





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सामाजिक संस्था हम लोग शिक्षा एवम् समाज कल्याण समिति एवं उसके सहयोगी संगठन एएसजी आई हॉस्पिटल के विशेष सहयोग से कार्मल कॉन्वेंट स्कूल के विशेष सहयोग से नेत्र जांच शिविर व आखों की सुरक्षा हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया । आयोजन में एएसजी आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आशीष कुमार गंगराडे ने छात्राओं को अधिक मोबाइल व ऑनलाइन गेम के कारण नेत्रों को होने वाले नुकसान के संबंध में विस्तार से बताया एवम् नेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी प्रदान की।

इसके साथ ही विद्यालय की छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया तथा उनके नेत्रों से संबधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर सिस्टर ऐन जोईसी, सिस्टर एल्फ़ोंस, श्री सविओ डैनियल एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। हम लोग शिक्षा एवम् समाज कल्याण समिति के नितेश नेमा ने बताया की कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। नेत्र परीक्षण शिविर में सहयोग करने वाले विद्यालय के शिक्षक एवम् ए एस जी नेत्र हॉस्पिटल के सहयोगी सतीश कुमार चोकसे तथा ए एस जी हॉस्पिटल के सहयोगी एवम् कार्मल कॉन्वेंट स्कूल परिवार का आभार हम लोग शिक्षा एवम् समाज कल्याण समिति द्वारा शिविर के आयोजन एवं सेवाभावी कार्य के लिए सभी सहयोगी संगठन के साथ स्कूल प्रबंधन एवम् आयोजन समिति का भी धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की सदैव ऐसे सेवा कार्य करने के लिए सहयोग की सराहना की एवम् उन्होंने कहा कि गर्व होता है कि मैं भी इस संस्था के सदस्य हूं जिसमें सदैव ऐसे सेवा कार्य होते हैं ।

## स म्पा द की य

# शेयर बाजार और उथल-पुथल



पिछले पांच अगस्त को पूरी दुनिया के शेयर बाजार धड़ाम हो गया, लेकिन अच्छी बात ये रही कि एक दिन बाद ही सम्हल गया। जिसे क्रैश समझा जा रहा था, उसे मार्केट-करेक्शन बताया गया। लेकिन विश्लेषक पूछ रहे हैं कि क्या सबसे बुरा समय बीत चुका है या अभी आना बाकी है? इस सप्ताह हमने बाजार में जैसी उथलपुथल देखी, वह अगले सप्ताह भी जारी रह सकती है। विश्लेषक और समीक्षक कह रहे हैं- अपनी कमरपेटियों को कसकर बांध लीजिए, आगे बहुत झटके लगने वाले हैं।

सच तो यह है कि शेयर बाजार पूरी तरह से अनिश्चितताओं से भरा हुआ है। सबको पता होना चाहिए कि इसका आधे से ज्यादा व्यापार हवा में ही होता है। और यह हवाई खेल ही है। यदि किसी को वाकई शेयर बाजार की सही जानकारी होती तो वो अरबों डॉलर कमा रहा होता। लेकिन हकीकत यह है कि एक अस्थिर शेयर बाजार, यहां तक कि एक शांत शेयर बाजार के बारे में भी कोई सटीक भविष्यवाणी करना या पूर्वानुमान लगाना आसान नहीं है।

गत सोमवार को जैसे बाजार टूटा, उसके पीछे क्या कारण थे? इस पर विशेषज्ञों के अपने अपने मत हो सकते हैं। असल में इसकी शुरुआत जापान के बेंचमार्क टॉपिक्स इंडेक्स में सोमवार को 12 प्रतिशत की गिरावट के साथ हुई। जिसके बाद अन्य एशियाई देशों और यूरोप के शेयरों में भी गिरावट आई। अमेरिका में कुछ कम नाटकीय लेकिन पर्याप्त गिरावट हुई। संदर्भ देखें तो पता चलता है कि एसएंडपी 3 प्रतिशत और नैस्डेक 3.43 प्रतिशत टूटा। एनएसई निफ्टी में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई और एक दिन बाद फिर से उछाल आया, जैसा कि वैश्विक स्तर पर अधिकांश बाजारों के शेयरों में हुआ।

टॉपिक्स में गिरावट अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीतियों से जुड़ी है। फेड ने पिछले दो वर्षों में अमेरिकी मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की है, जबकि बैंक ऑफ जापान ने हाल ही में अपनी ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया था। इसने निवेशकों के लिए डॉलर या यूरो या- जिसे 'कैरी ट्रेड' कहा जाता है, उसमें निवेश के लिए सस्ती दरों पर जापान की मुद्रा येन में उधार लेने का रास्ता खोल दिया। इससे येन कमजोर हो गया। कमजोर येन ने निर्यात को बढ़ाया और जापानी निर्यातकों को अपनी कमाई डॉलर में रखने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे येन की मांग कम हो गई और येन और कमजोर हो गया। इस प्रवृत्ति को देखते हुए निवेशकों ने येन की टूटन पर दांव बढ़ा दिए, जिसका मतलब यह था कि येन का मूल्य और गिरेगा।

उन्हें उम्मीद थी कि बैंक ऑफ जापान कोई कार्रवाई नहीं करेगा और फेड अपनी ब्याज दर में कटौती करेगा। लेकिन इसके बजाय 31 जुलाई को, बैंक ऑफ जापान ने अपनी बेंचमार्क दर 0.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.25 प्रतिशत कर दी। येन के मूल्यों में और गिरावट पर दांव लगाने वाले निवेशक घबरा गए और अपने नुकसान को कवर करने के लिए दूसरी दिशा में दौड़ पड़े। नतीजा यह रहा कि येन की कीमत में वृद्धि हुई, जिससे जापानी शेयरों में गिरावट आ गई। लेकिन एक दिन बाद ही शेयरों में उछाल यह बताती है कि निवेशक जापानी कंपनियों को बहुत अधिक संकट में नहीं मानते हैं।

इस सप्ताह की गिरावट या सुधार के अलावा, वैश्विक टेक दिग्गजों के शेयरों में भी तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। जुलाई के मध्य से नैस्डेक 100 में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। इसे भी हाईप्ड-अप टेक स्टॉक्स में करेक्शन के रूप में देखा जाना चाहिए, जो टेक सेक्टर- विशेष रूप से एआई के बारे में बढ़ती उम्मीदों को दर्शाता है।

विशेषज्ञ बताते हैं कि अमेरिका में व्यापारियों द्वारा खुद को बचाने के लिए भुगतान की जाने वाली राशि को मापने वाला अस्थिरता सूचकांक इस सप्ताह भी तेजी से बढ़ा। यह दर्शाता है कि डर का माहौल जारी है। कई लोगों को डर है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ रही है, हालांकि इसकी बुनियादी स्थितियों में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो इस तरह के अंदेशे को जन्म दे।

ये सच है कि पिछले सप्ताह की जॉब मार्केट रिपोर्ट उम्मीद से कुछ कमजोर थी, लेकिन 4.3 प्रतिशत की बेरोजगारी दर इस बात का संकेत है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। लेकिन मौजूदा क्रैश और कनेक्शन के बावजूद अमेरिकन स्टॉक अतिमूल्यित बने हुए हैं। यही हालत भारतीय स्टॉक की भी है।

खबरों और बाजार समीक्षकों के साथ ही जानकारों का मानना है कि शेयर बाजार अपनी मूल प्रवृत्ति अस्थिरता को नहीं छोड़ सकता। इसके पीछे एक नहीं कई कारण हैं। फिलहाल आगे मंदी की आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही भारत और कई देशों में जिस तरह से बेरोजगारी और महंगाई बढ़ती जा रही है, आर्थिक असंतुलन बहुत बुरी तरह से बिगड़ रहा है, उसे देखते हुए बाजार कब पलट जाए, नहीं कहा जा सकता। बस दुनिया में जो एक-दो प्रतिशत टाप के अमीर हैं, उनका खेल जारी रहेगा। वो जब चाहेंगे, बाजार गिर जाएगा, जब चाहेंगे सम्हलने लायक हो जाएगा। पर इस दौर में करोड़ों लोग अपना बहुत कुछ गंवा चुके होंगे।

# कोटे के अंदर कोटा फैसले से दलित राजनीति में उभार

**अरुण पटेल**

भारत के सबसे बड़े न्यायालय सुप्रीम कोर्ट ने कोटे के अंदर कोटा निर्धारित करने का एक नया रास्ता खोल दिया है और इसको लेकर अब राज्य सरकारों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्गों में सब-केटेगरी बनाने का अधिकार मिल गया है, इस प्रकार बीस साल पुराना आदेश पलट गया है। इसके दूरगामी राजनीतिक परिणाम होने की सम्भावना को नकारा नहीं जा सकता और आगे चलकर कुछ दलित नेताओं और दलों के उदय का मार्ग खुल सकता है। इससे जो उपजातियां अभी तक अपना एकाधिकार बनाये बैठी थीं उनके हितों को चोट लग सकती है तो वहीं वास्तविक जरुरतमंद ऐसी जातियां जो अभी तक इसके लाभ से अपेक्षाकृत वंचित रह जाती थीं उन्हें अब अपने जीवन में भी प्रकाश की किरण नजर आयेगी।

सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला दीर्घकालीन प्रभाव डालने वाला होगा। फैसले की दो महत्वपूर्ण शर्तें यह हैं कि पहला- अनुसूचित जाति के भीतर एक जाति को 100 प्रतिशत कोटा नहीं दिया जा सकता और दूसरा-अनुसूचित जाति में शामिल किसी जाति का कोटा तय करने से पहले हिस्सेदारी का पुख्ता डेटा होना चाहिए। इस प्रकार इस फैसले के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के दलों द्वारा जातिगत जनगणना का जो मुद्दा उठाया गया है उसे कराने की दिशा में दबाव बनाने के लिए इन दलों को एक और हथियार मिल गया है।

सुप्रीम कोर्ट के एक अगस्त को दिए फैसले से अनुसूचित जाति-जनजाति आरक्षण के बावजूद आगे बढ़ने से वंचित रहे दलित एवं आदिवासी समाज की विभिन्न जातियों को आरक्षण का लाभ सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। न्यायालय के इस फैसले में कहा गया है कि एसटी-एससी को आरक्षण का लाभ देने के लिए राज्य सरकारें उनके पारंपरिक पिछड़ेपन के आधार पर विभिन्न समूहों में उपवर्गीकृत कर सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो एसटी-एससी को सब केटेगरी में आरक्षण दिया जा सकता है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि हाशिए पर जा चुके पिछड़े लोगों को अलग से कोटा देने के लिए इस प्रकार का उपवर्गीकरण जायज है।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने 2004 में ईवी चितैया मामले में दिये गये पांच जजों की बेंच के उस फैसले को उलट दिया है जिसमें कहा गया था कि आरक्षण के लिए इन वर्गों में सब-केटेगरी नहीं बनाई जा सकती। संविधान में अनुसूचित जातियों के लिए 15 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है। इस कोटे में कई राज्यों ने सब कोटा जोड़ दिया था, इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में 23 याचिकायें दायर की गयी थीं। सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डीवाय चन्द्रचूड़ की अगुवाई वाली सात जजों की संविधान पीठ ने 6-1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया है। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने अलग फैसला देते हुए कहा कि जाति के आधार पर एसटी-एससी कोटा मिलता है तो उसमें बंटवारे की जरुरत नहीं है। कार्यपालिका या विधायी शक्ति के अभाव में राज्य एसटी-एससी के सभी लोगों के लिए आरक्षित लाभों को उपवर्गीकृत नहीं कर सकते।



संविधान पीठ के फैसले की कुछ प्रमुख बातों में कहा गया है कि समूहों को कोटे में शामिल करने या बाहर करने को तुष्टीकरण की राजनीति तक सीमित नहीं किया जाना चाहिये। यह सुनिश्चित किया जाए कि सब-कोटा का ज्यादा लाभ पिछड़ी जातियों को मिले। एससी वर्ग में समरुपता नहीं है, इसमें अलग-अलग जातियां आती हैं उन्हें अलग-अलग ढंग के भेदभाव व परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

राज्य सरकारें इस आधार पर या इस मान से सब-कोटा तय कर सकती हैं कि किन जातियों को ज्यादा भेदभाव का सामना करना पड़ता है। सब-कोटा जमीनी सर्वे के आधार पर होना चाहिये। यह बताना होगा कि किस जाति का सरकारी नौकरियों में और शिक्षण संस्थाओं में दाखिले में कितना प्रतिशत है। सब-केटेगरी पर राज्यों के फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। राज्यों को पिछड़ापन की सीमा के बारे में तय किये गये आधार को उचित ठहराना होगा और वर्गीकरण में किसी एक समूह को शत-प्रतिशत कोटा नहीं दे सकते। फैसले से वंचितों को फायदा पहुंचाने का रास्ता इस मायने में खुल गया है कि राज्य उन जातियों की मदद कर सकते हैं जिन्हें वे ऊपर उठाने में मदद देना चाहते हैं। विभिन्न राज्यों में एसटी-एससी का लाभ कुछ जातियां ज्यादा उठा रही हैं। फैसले से एसटी-एससी की विभिन्न जातियों में आरक्षण के समान लाभ का रास्ता खुलेगा। एससी की उन जातियों को आरक्षण का फायदा मिलेगा जो अन्य जातियों से पिछड़ कर शिक्षा व सरकारी नौकरियों से वंचित रह जाते हैं। ऐसी वंचित जातियों के लिए एससी के लिए निर्धारित आरक्षण में से कुछ हिस्सा यानी सब-कोटा तय होगा।

इस फैसले के बारे में रिटायर जजों में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस गोविंद माथुर का कहना है कि पहली बार एसटी-एससी में वर्गीकरण होगा। फैसले में मान लिया गया है कि एसटी-एससी में वर्गीकरण बराबरी की अवधारणा के विपरीत नहीं है, सवाल है कि अनुसूचित जाति में ढेरों उपजातियां हैं। फैसले की पालना के लिए जातियों को नये सिरे से सेवाओं में प्रतिनिधित्व देना होगा। सेवानिवृत्त जस्टिस उप-लोकायुक्त मध्यप्रदेश एसके पालो का कहना है कि आरक्षण से समाज में समानता आना चाहिये, लेकिन अभी भी एसटी-एससी वर्ग में कई समूहों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है, एक समूह अब भी वंचित है और सुप्रीम कोर्ट ने उसकी ही चिन्ता की है। अब वंचित उपजातियों को भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

**और यह भी**

देश के आजाद होने के बाद 70 सालों से सरकारी नौकरियों व शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण की लाभार्थी जातियों के अंदर भी इस प्रकार की आवाज उठने लगी थी कि आरक्षण का फायदा समान रुप से सभी जातियों को नहीं मिल पा रहा है, इस लाभ का वितरण नये और न्यायसंगत तरीके से किया जाना चाहिये। इस फैसले के दीर्घकालीन सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक परिणाम होने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता, हालांकि कुछ लोगों ने इसे संविधान की मूल-भावना के विरुद्ध बताया है लेकिन कुल मिलाकर ज्यादातर हल्कों में सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले का स्वागत हुआ है। एक प्रकार से यह माना जा सकता है कि देश में आरक्षण की जो दस्तां 1882 में विलियम हंटर और ज्योतिबा फुले ने प्रारंभ की थी उसके लगभग 150 साल बाद उसमें अब एक और नया और निर्णायक आयाम जुड़ गया है।

इस फैसले का विरोध जिन क्षेत्रों में हो रहा है अथवा होने की संभावना है वह वे ही मुख्य जातियां हैं जिन्हें तुलनात्मक रुप से आरक्षण का अधिक फायदा मिला है और वह नहीं चाहेंगी कि उनका यह लाभ किसी भी हालत बंट जाये। कई जगहों पर तो यह लाभ पीढ़ीगत रुप में बदल गया है। यदि एससी श्रेणी की बात की जाए तो आरक्षण का लाभ लगभग एक दर्जन जातियों ने ही उठाया है जिनमें प्रमुख रुप से जाटव, महार, मेहरा, अहिरवार आदि शामिल हैं लेकिन उन्हीं की एक हजार से अधिक जातियों के लोग इस मामले में काफी पीछे छूट गये हैं। इसमें दो-मत नहीं हो सकते कि यदि सब-कोटा होगा तो आरक्षण की सुविधा का लाभ ज्यादा बेहतर व न्यायसंगत तरीके से बंट सकेगा।

यदि अनुसूचित जनजाति यानी आदिवासी वर्ग की बात की जाए तो वहां पर भी 744 जातियां ऐसी हैं, लेकिन आरक्षण का लाभ खासतौर पर भील, संथाल, गोंड आदि को ही मिला है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि शिक्षा व जागरुकता का उनमें अभाव है। इस साल के अन्त में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन सकता है और हर राजनीतिक दल अपने-अपने नजरिये व ढंग से इसका लाभ उठाने की कोशिश करेंगे और ऐसे में राजनीतिक दलों के भीतर नये चेहरों का उभार हो सकता है या कुछ छोटे-मोटे राज्य स्तरीय राजनीतिक दल बन सकते हैं।

# विश्व आदिवासी दिवसः आदिवासी जीवन शैली प्रकृति आधारित

**योग गुरु महेश अग्रवाल**

जीवन में सरलता का मतलब हुआ- अपनी न्यूनतम आवश्यकताओं और सीमित सुविधाओं के हिसाब से जीवन निर्वाह करना। विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों के मूलभूत अधिकारों की सामाजिक, आर्थिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है। पहली बार आदिवासी या मूलनिवासी दिवस 9 अगस्त 1994 को जेनेवा में मनाया गया। आदिवासी शब्द दो शब्दों आदि और वासी से मिल कर बना है और इसका अर्थ मूल निवासी होता है। पुरातन संस्कृत ग्रंथों में आदिवासियों को अत्विका% नाम से संबोधित किया गया एवं भारतीय संविधान में आदिवासियों के लिए अनुसूचित जनजाति पद का उपयोग किया गया है। किसी भी समुदाय को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल करने के निम्न आधार हैं- आदिम लक्षण, विशिष्ट संस्कृति, भौगोलिक पृथक्करण, समाज के एक बड़े भाग से संपर्क में संकोच या पिछड़ापन। आदिवासियों की देशज ज्ञान परंपरा काफी समृद्ध है।




किसी भी जाति की पहचान समाज में उसके विशिष्ट कार्यों से होती है, कार्य ही व्यक्ति, जाति, जनजाति को समाज में प्रतिष्ठा प्रदान करता है। सोने का काम करने वाला सोनार, लोहे का कार्य करने वाला लोहार, मछली पकड़ने वाला मछुवारा नाव चलाने वाला नाविक आदि इसके कार्यों से इनकी पहचान है। किन्तु ये कैसी अजीव है कि वनस्पति की विभिन्न जड़ी बूटियों की कुशल जानकारी रखने वाला उन जड़ी बूटी की पहचान कर घने जंगलों से तोड़कर लाने वाला आर्थिक शोषण का जबरदस्त शिकार है।

योग दुनिया की गरीबी की समस्या का समाधान कर सकता है? अगर हर आदमी गरीबी चाहने लगे तो संसार स्वर्ग बन जायेगा। लेकिन यहाँ तो हर कोई अमीर बनने की कोशिश में जी-जान से लगा हुआ है। सभी कालों में, सभी देशों के सन्तों ने कहा है कि सच्चे व्यक्ति का जीवन आत्म स्वीकृत गरीबी से भरा जीवन होना चाहिये। वस्तुतः निर्धनता शब्द को सरलता में बदल देना चाहिये। जीवन में सरलता का मतलब हुआ- अपनी न्यूनतम आवश्यकताओं और सीमित सुविधाओं के हिसाब से जीवन निर्वाह करना।

अपनी भौतिक जरूरतों को बढ़ाते ही हम अपने आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन स्तर में अनेक जटिलताएँ पैदा कर लेते है । कहा गया है कि एक ऊँट का सुई के छेद से निकल जाना आसान है, लेकिन एक धनवान आदमी का स्वर्ग के राज्य में प्रवेश पाना कठिन है। व्यक्ति जब धनवान बन जाता है तब उसका दिमाग निष्क्रिय हो जाता है। दौलत इंसान के लिये अफीम है। इसलिये सीमित आवश्यकताओं में जिन्दगी बिताने की भरपूर कोशिश करनी चाहिये। आजकल अधिकतर देश गरीबी दूर करने का कठिन प्रयत्न कर रहे हैं। वे अपनी जनता का जीवन-स्तर ऊपर उठाने में लगे हैं। लेकिन सारी प्रक्रिया को उलट देना चाहिये, वापस चलो- गरीबी, सरलता और प्राकृतिक जीवन की ओर।

# अयोध्या वाले एमपी के आईएएस अफसर

**छोटू शास्त्री**




वैसे तो अयोध्या को राम की अयोध्या के नाम से जाना जाता है किन्तु मध्यप्रदेश के एक आईएएस अफसर को अयोध्या वाला बोला जाने लगा। अब उनका ये नाम क्यों पड़ा और इस अफसर का अयोध्या कनेक्शन क्या है, यह आपको हम समझाते है। प्रदेश में एक आईएएस अफसर हैं, जो आज भले ही लूप लाइन में हों, किन्तु किसी समय वे हीरा-पन्ना के क्षेत्र में बड़े पद पर थे। इन पंडित जी ने वहां भी गजब का कमाल किया। सबसे पहले तो इन्होंने अपनी बिटिया रानी को एक बडी हीरा कंपनी में नौकरी दिलवा दी। उसके बाद एक बडे शहर में 40 एकड़ बेशकीमती जमीन खरीद ली। पंडित जी की कलाकारी यही नहीं रूकी। इन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने के पहले वहां एक आलीशान रिसोर्ट बनाकर उसे एक परदेसी कंपनी को भारी किराये पर दे दिया। अब बताओ पंडित जी को अयोध्या वाला नहीं तो क्या मथुरा वाला कहेंगे। बोलो जय जय सियाराम!

**जीतू पटवारी की सूची कहां अटकी**



जीतू पटवारी जब से प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं, तब से जितने विवाद उनके नाम लिखे गए, इतने बोफोर्स कांड के नाम पर भी नहीं होंगे। यानी जीतू पटवारी विवादों के मामले में बोफोर्स के भी आगे निकल गए। विरोधी तो यह भी कह रहे हैं कि जीतू ने अपनी कार्यकारिणी नहीं बनाई। अब कहने वालों को कौन समझाए कि जीतू पटवारी इतने होशियार है कि उन्होंने अपनी पर्सनल कार्यकारिणी अनुमोदन के लिए दिल्ली हाईकमान को भेजी थी। खास बात यह कि पटवारी ने इस कार्यकारिणी की भनक प्रदेश प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह को भी नहीं लगने दी और न प्रदेश के बड़े नेताओं को पता चला।

लेकिन, शायद जीतू पटवारी की किस्मत ही खराब है। न तो वह कार्यकारिणी अनुमोदित होकर दिल्ली से वापस आई और न उनकी यह कारस्तानी छिपी रही। अब बड़े नेता और पटवारी के विरोधी यह कहने से नहीं चूक रहे है कि पटवारी साहब ने जो कार्यकारिणी भेजी वह कब आएगी। यानी कि पटवारी का समय इतना खराब चल रहा है कि परछाईं भी उनका साथ नहीं दे रही।

**कांग्रेसी झटके ने निपटा दिया**

आलीराजपुर वाले स्वयंभू नेता नागर सिंह चौहान की पत्नी को जिस दिन भाजपा ने लोकसभा का



टिकट दिया था, उसी दिन तय हो गया था कि अब उनके पर कतरे जाएंगे। लेकिन, नागर इस भ्रम में थे कि पार्टी को मेरे से अच्छा कोई नेता नहीं मिलेगा। दरअसल, ये उनका भ्रम था कि वे पार्टी से ऊपर हैं। लेकिन, जब रामनिवास रावत को विभाग दिए गए, तो सबसे पहले नागर सिंह चौहान के विभागों को ही कतरा गया। इसके बाद तो नागर सिंह ने कांग्रेसी स्टाइल में तीन चैलेंच पार्टी को दिये ।पहला, हाईकमान से चर्चा करूंगा, और दूसरा यह कि पत्नी से भी इस्तीफा दिलाऊंगा और तीसरा यह कि खुद भी मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दूंगा। लेकिन, ऐसा कुछ नहीं हुआ।

नागर सिंह दिल्ली तो गए, पर उनसे पार्टी का कोई नेता नहीं मिला। जबकि, उन्होंने प्रचारित यह किया था कि उन्हें बुलाया गया है, पर सच्चाई यह नहीं थी। पत्नी ने भी लोकसभा से इस्तीफा नहीं दिया और न खुद ने दिया। दिल्ली से न सिर्फ खाली हाथ लौटे, बल्कि पार्टी के सामने एक तरह से सरेंडर ही कर दिया। कहने वाले कह रहे है कि नागर सिंह ने कांग्रेसी स्टाईल दांव खेला था, लेकिन अब लगता है कि नागर सिंह न तो भाजपा सरकार को समझ पाए और न भाजपा संगठन को। तभी तो नागर सिंह को कांग्रेसी फार्मूला ले डूबा। अब ये कहने कि बात नहीं कि नागरसिंह चल तो कांग्रेसी मित्रों के हिसाब से ही रहे थे। उन्होंने तो मंत्रिमंडल नहीं छोडी पर ये मित्र उनसे पार्टी छुड़वा दे, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

**एक और मंत्री संगठन के निशाने पर**

जिस प्रकार नागर सिंह को अपने मित्रों के कारण ठोकर खाना पडी वैसे ही अब संघ की ओर संगठन की निगाहे इंदौर संभाग के एक और मंत्री पर टिकी है। इंदौर के आसपास के ये नेताजी मोहन कैबिनेट में पॉवरफुल विभाग लेकर राजनीति कर रहे है। लेकिन, बताने वालों का कहना है कि इन नेताजी के भी एक अल्पसंख्यक मित्र अब चाय से ज्यादा केतली गरम वाली भूमिका में दिखाई दे रहे है। इन भाईजान का रुतबा ऐसा है कि विभाग में हर काम में भाईजान की सहमति और असहमति किसी कानून की तरह होती है और विभाग में भी। अब कहने वाले तो यहां तक कह रहे है कि कोई मंत्री जी से पूछता है कि दो और दो कितने होते हैं, तो मंत्री जी कहते हैं कि होते तो चार है, पर एक बार भाईजान से पूछ लेता हूं। अब आप बताओ कि इसमें 'नौ' और 'शाद' का क्या दोष?

**बेटे के जन्मदिन पर तोहफों की बरसात**

वैसे तो रोज किसी न किसी का जन्मदिन मनता आया है। उनकी चर्चा हो न हो, पर धार जिले के एक एसडीएम के साहबजादे के जन्मदिन और उसमें आए तोहफों की चर्चा जरूर हो रही है। ये एसडीएम साहब पड़ोस के ही जिले के रहने वाले है। दरअसल वे जहां के एसडीएम हैं, वहां के नेताओं में जबरजस्त बैर है। बस इसी बात से साहब को कोई टेंशन नहीं रहता। साहबजादे का जन्मदिन मनाया था उस जन्मदिन में आये तोहफों ने एसडीएम साहब का रुतबा और प्रवृत्ति दोनों जगजाहिर कर दी। साहब अपने जिले में जमीन भी बहुत खरीद रहे है। अब दिल जले तो यहां तक कह रहे है कि तोहफे इतने आए कि दो कमरे भर गए और नकदी के साथ साहिबजादे को जेवर देने वालों की गिनती नहीं। अब जिसका भगवान भला करेंगे, वो तो मन्नत का चढ़ावा चढ़ाएगा ही!

**कांग्रेस में गलती होना और न होना!**

इंदौर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा



और जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव का प्रदेश कांग्रेस द्वारा किया गया निलंबन समाप्त हो गया। सवाल उठता है कि उन्होंने गलती की या नहीं! यदि गलती की थी, तो क्या उसकी सजा 7 दिन का गोपनीय निलंबन ही था और यदि गलती नहीं की, तो यह निलंबन भी क्यों किया गया? अभी पार्टी इसी उहापोह में है कि इस बात का उसके पास क्या जवाब है?

क्योंकि, सुरजीत सिंह चड्ढा का एक वीडियो भी इस बीच वायरल हुआ था, जिसमें वे साफ कहते नजर आ रहे थे कि मैंने कैलाश विजयवर्गीय का पार्टी ऑफिस में जो स्वागत-सत्कार किया वह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के कहने से किया। इस घटना के बाद यह स्पष्ट हो गया की पूरी गलती सुरजीत सिंह चड्ढा की नहीं है। उन्होंने जो किया अपने अध्यक्ष कहने पर किया। यदि बात यह है, तो फिर अध्यक्ष को क्या सजा मिली? यही कारण है कि अभी तो कोई समझ नहीं पाया कि कोई गलती हुई भी या नहीं?

**'संघ' में अब सरकारी लोगों का अलग प्रकल्प**




सरकारी अधिकारियों और कर्मचारी भी अब संघ से जुड़कर काम कर सकेंगे। 58 साल पहले लगाई गई रोक को सरकार ने हटा दिया है। सीधा आशय यह कि वे संघ की शाखाओं में स्वयं सेवक की तरह अपनी हिस्सेदारी निभा सकेंगे। इस आदेश के जारी होते ही संघ ने भी इस दिशा में पहल शुरू कर दी। संघ में एक नया प्रकल्प बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई, जिसमें सिर्फ सरकारी कर्मचारी और अधिकारी ही होंगे। यानी अब संघ में सरकारी कर्मचारियों के लिए एक अलग विभाग होगा। अभी तैयारी चल रही है, जब यह बन जाएगा तो उसका मूल स्वरूप सामने आएगा।

**खबर पर लगी मुहर**

भोपाल संभाग के कमिश्नर डॉक्टर पवन शर्मा की केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर जाने की खबर सबसे पहले मीडियावाला ने दी थी। कल रात केंद्र सरकार जारी ढ्रूस की सूची में डॉक्टर पवन शर्मा का नाम भी शामिल है। उन्हें केंद्रीय रक्षा मंत्रालय रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है। डॉ पवन शर्मा 1999 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्पलेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों की कियोस्क आईडी बंद एसपी से की शिकायत



बैतूल। भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों ने एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय आरबीओ-06 के एफआई मैनेजर और रीजनल मैनेजर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। आरोप है कि बिना किसी वैध कारण के उनकी कियोस्क आईडी बंद कर दी गई है। संचालकों का कहना है कि उन्हें प्रतिदिन 30 से अधिक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लक्ष्यों को पूरा करने का दबाव डाला जा रहा है। लक्ष्यों की पूर्ति नहीं होने पर उनकी कियोस्क आईडी बंद कर दी गई है।जिससे उनका लगभग तीन लाख रुपये फंसा हुआ है। रिजर्व बैंक की नियमो का उल्लघंन बताया है। उनकी कियोस्क आईडी चालू नही की जा रही न ही फंसा हुआ पैसा लौटाया जा रहा है। इस अवैधानिक कार्रवाई से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है। 30 किलोमीटर दूर से आने वाले पेंशन धारक, लाडली बहना के हितग्राही और अन्य ग्राहकों को परेशानी हो रही है। कियोस्क आईडी तत्काल चालू करने और पैसा लौटाया जाए। साथ ही आरबीओ-6 के एफआई मैनेजर और रीजनल मैनेजर के खिलाफ कार्यवाही की मांग करी है।

# हम सब सीखने की प्रक्रिया में हैं, स्पष्टता है जरूरी: मिश्रा

## नये कानून और मानव दुर्व्यापार विषय पर आवाज और महिला सुरक्षा शाखा म.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




बालाघाट/ नए कानून लागू होने से लोगों में कई अवधारणाएं बनी है ऐसे में इस तरह के प्रशिक्षण से स्पष्टता आएगी और इसके प्रचार प्रसार से लोगों की शंकाए दूर होंगी। पुलिस पर इस नए कानून को सही से लागू करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है7 उक्त बात नगर पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा ने आज बालाघाट में ÷नये कानून और मानव दुर्व्यापार÷ विषय पर आवाज संस्था और महिला सुरक्षा शाखा म.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर कही7 नगर पुलिस अधीक्षक श्री अंजुल अयंक मिश्रा ने कहा कि बच्चों के संदर्भ में अतिरिक्त संवेदनशीलता बरतने की जरूरत है7 उन्होंने यह भी कहा कि हमारा नैतिक और क़ानूनी दायित्व है7

इस मौके पर प्रशिक्षक की भूमिका निभा रही भोपाल से पधारीं सुश्री शिखा छिब्बर ने बताया कि महिलाओं और बच्चों को लेकर काफी बदलाव हुए हैं जिन्हे समझने और सही से लागू करने की जरूरत है। उन्होंने मानव दुर्व्यापार को लेकर माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों और नए प्रावधानों का भी जिक्र किया।

आवाज बालाघाट के जिला समन्वयक श्री शिवगिरी गोस्वामी ने बताया कि आवाज संस्था मध्यप्रदेश के 6 जिलों में मानव दुर्व्यापार को लेकर स्त्रोत, पारगमन और गंतव्य स्थलों पर का काम कर रही है7 उन्होंने बताया कि संस्था ने समय-समय पर कई गिरोहों का पर्दाफ़ाश कर बहुत से बच्चों को ट्रैफिकिंग रैकेट से मुक्त कराया है7

इस कार्यशाला नगर पुलिस अधीक्षक श्री अंजुल अयंक मिश्र सर की अध्यक्षता में रिसोर्स पर्सन सुश्री शिक्षा छिब्बर आवाज संस्था के जिला समन्वयक श्री शिवगिरी गोस्वामी आवाज राज्य समन्वयक श्री विजय बघेल ने जिले के समस्त थानो के बाल कल्याण अधिकारी सहित महिला थाना का स्टाफ विशेष पुलिस इकाई बालाघाट यातायात थाना का कुल 42 अधिकारियों पदाधिकारियों के साथ प्रशिक्षण कार्य किया गया द्य सभी पुलिस पदाधिकारियों को दो दलों में बांट कर नए कानून के अनुरूप रोलप्ले भी कराया गया। कार्यशाला का आभार प्रदर्शन आवाज के राज्य समन्वयक विजय बघेल ने किया7

# रेलवे ट्रैक पर स्टंट , सेल्फी ना लेने आर पी एफ ने छात्राओं को चेताया



बैतूल। रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) थाना जन जागरूकता अभियान चलाकर खासकर विद्यार्थियों को जागरूक कर रहा है।

आरपीएफ थाना प्रभारी राजेश बनकर ने शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोसमी में पहुंचकर छात्राओं से रूबरू होकर उन्हें रेलवे लाइन क्रासिंग नही करने सलाह दी।उन्होंने रेलवे ट्रैक पर स्टंट करने एवं सेल्फी लेने के बढते चलन से हो रहे हादसों से छात्राओं से बचने की सलाह देते हुए कहा कि एक छोटी से लापरवाही से लोगों की जान चली जा रही है। इस मौके पर शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोसमी के प्राचार्य आर . एस.पंडाग्रे ने छात्राओं से प्रभारी श्री बनकर के महत्वपूर्ण सुझावों अमल करने कहा। बताया कि रेलवे लाइन क्रास करने पर आरपीएफ नियमों के तहत जुर्माना भी लगा सकती है। इस मौके पर आरपीएफ का स्टाफ भी मौजूद था।

# वर्मी कम्पोस्ट एवं डेयरी प्रबंधन प्रशिक्षण सत्र जनपद शाहपुर में संपन्न



सांध्य प्रकाश /योगेश गुप्ता बैतूल। सेंट्रल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर एस ईटी आई बैतूल द्वारा प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा में 100 दिन पूर्ण करने वाले परिवार के हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 6 दिवसीय वर्मी कम्पोस्ट एवं डेयरी प्रबंधन प्रशिक्षण सत्र जनपद पंचायत शाहपुर में संपन्न हुआ। आर सेटी की डायरेक्टर मंजूषा आठवले ने बताया कि 35 हितग्राहियों को वर्मी कम्पोस्ट एवं डेयरी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया एवं समापन अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण किए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणार्थी बैंक से ऋण लेकर अपना रोजगार स्थापित कर सकता है जिसके लिए हम पूरा सहयोग व मार्गदर्शन करेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे ने सभी को स्वरोजगार करने की सलाह दीं। फैकल्टी सोनम धोटे ने बताया की आरसेटी द्वारा मुर्गी पालन, बकरी पालन, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं डेयरी प्रबंधन, सिलाई, ब्युटी पार्लर, आदि का निशुल्क प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार स्थापना मे टेक्निकल मार्गदर्शन किया जाता है और बैंक से ऋण दिलाने में भी सहयोग किया जाता है। प्रशिक्षणार्थी अंकु उइके नें बताया की यह प्रशिक्षण में हमें श्री वर्मा ने पशुपालन डेयरी प्रबंधन पशुओं के रखरखाव, उनकी बीमारियों से बचाव के उपाय, टीकाकरण,दूध उत्पादन बढ़ाने के संबंध में एवं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के बारे में सिखाया बैंक से लोन लेने की विभिन्न योजनाओं के बारे मे भी बताया हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। अंत में सभी को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत शाहपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना शाक्य एवं आरसेटी बैतूल से डायरेक्टर मंजूषा आठवले, फेकल्टी श्रीमती सोनम धोटे, प्रशिक्षक(मास्टर ट्रेनर) मनोज वर्मा उपस्थित रहे।

# डॉ अजय लाल के विरुद्ध दर्ज मामले के विरोध में काली पट्टी लगाकर मसीह समाज ने सोपे ज्ञापन



दमोह आधारशिला संस्थान और उसके पदाधिकारियों पर विगत दिवस मंगलवार को जिला पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किये जाने के विरोध में बुधवार को जिले के मसीही समाज ने एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक दमोह को दिया है।

पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में मसीही समाज दमोह का कहना है कि आधारशिला संस्थान मारुताल दमोह के प्रमुख डॉक्टर अजय लाल एक वरिष्ठ नागरिक होने के साथ साथ मसीही समाज के अगुवा और वरिष्ठ समाजसेवी हैं जिनके विरुद्ध एक अपराधित प्रकरण 7 अगस्त 2024 को थाना दमोह देहात दमोह में क्रमांक 571/2024 दर्ज किया गया है जो पूर्णत निराधार व झूठा है। जिला पुलिस द्वारा सोची समझी रणनीति के तहत उनके संस्थान पर विना पूर्व सूचना निरीक्षण के बहाने मनमानी कार्यवाही करते हुए डॉ अजय लाल को दिनभर प्रताड़ित किया गया और तवियत विगडने पर पुलिस बल की सुरक्षा में नजर बंद कर दिया गया इसके बाद रात्रि 10 वजे से डॉक्टर अजय लाल का उनके परिवार के सदस्यों को कुछ अता-पता नहीं है। इसके अलावा रात्रि 11ः00 बजे डॉ अजय लाल के परिवार के सदस्य जो अपने अधिवक्ता से मिलने जबलपुर जा रहे थे पुलिस द्वारा कोटातला में टोल नाके पर रुकवा कर उन्हें प्रताड़ित किया गया और सुबह 5ः30 बजे तक उन्हें पूछताछ के बहाने बैठा कर रखा गया। इसी के साथ रात्रि में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा डॉक्टर अजय लाल के निवास पर ताला लगा होने के बाद भी खिड़की के कांच तोड़कर घर के अंदर जबरन घुसकर उनके दो लैपटॉप, डीवीआर कैमरा अपने साथ ले गए। इस तरह डॉ अजय लाल और उनके परिजन के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई मनमानी एवं असंवैधानिक कार्यवाही किए जाने से हम संपूर्ण मसीही समाज क्षुब्ध और आक्रोशित है। अतः श्रीमान से इस ज्ञापन के माध्यम से निवेदन है कि मसीही समाज के अगुआ एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय लाल के विरुद्ध दमोह देहात थाना में दर्ज की गई झूठी और आधारहीन पुलिस रिपोर्ट को खारिज किया जाए।

# क्षेत्रीय चौरसिया समाज धूमधाम से मनाएगा नाग पंचमी



झ्रऔबेदुल्लागंज । नगर औबेदुल्लागंज क्षेत्रीय चौरसिया समाज की बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्व सहमति से नाग पंचमी पर्व मनाने का निर्णय लिया गया नाग पंचमी दिन शुक्रवार को हर्षोल्लाह से मनाई जाएगी शुक्रवार को सुबह 11ः00 बजे खेड़ापति मंदिर हिरनिया में पूजन संपन्न एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा बैठक में द्विज प्रकाश चौरसिया, महेश चौरसिया, वेद प्रकाश चौरसिया, धर्मेंद्र चौरसिया, मनोज चौरसिया, गोलू चौरसिया ,पार्षद श्रीमती हेमलता चौरसिया आदि उपस्थित रहे समाज के सभी जनों से निवेदन किया है कि सभी लोग 11ः00 बजे खेड़ापति मंदिर में उपस्थित रहे विधायक सुरेंद्र पटवा, रविंद्र विजयवर्गी, सोनू चौकसे, वागीश अग्रवाल, भूपेंद्र नागर, नंदू शर्मा, बबलू कहार,पवनजोत सिंह, नीरज चावला, सुनील जैन, मनजीत सिंह आशीष दीक्षित, भारत निहाल, उपेंद्र मालवीय, सुरेश केवट, रमेश मालवीय योगेश श्रीवास्तव आदि ने नाग पंचमी पर्व की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की

## कार्यशाला में समाज सेवियों ने अक्षर साथियों को दी प्रेरणा

छतरपुर।समाज से असाक्षरता का कलंक मिटाने के उद्देश्य से उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिसके तहत गांव गांव में सामाजिक चेतना केंद्र खोले गए हैं।यहां पर अक्षर साथी सेवा भाव से प्रौढ़ असाक्षरों को न सिर्फ साक्षर बना रहे है। वरन उन्हें जीवन में उपयोग होने वाली तमाम जानकारियां भी दीं जा रहीं हैं। मीडिया प्रभारी अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल में नियंत्रक डॉ राकेश दुबे के निर्देशन में छतरपुर जिले के नौगांव विकासखंड ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र निगम व जिला सह समन्वयक शफीक अहमद के द्वारा नौगांव विकासखंड के अक्षर साथियों को मोटिवेट करने के लिए बीते रोज नौगांव के ग्रामीण कला संस्थान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# महिला बाल विकास इटारसी द्वारा संपन्न हुआ विश्व स्तनपान का अंतिम दिवस





सांध्य प्रकाश समाचार, नर्मदा पुरम// संभाग के संयुक्त संचालक एच के शर्मा के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम के साथ विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सनखेड़ा नाका इटारसी में संपन्न हुआ।

महाविद्यालय में बुधवार को महिला बाल विकास विभाग इटारसी के द्वारा 1 अगस्त से 7 अगस्त तक परियोजना के अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ियों में अलग-अलग गतिविधियां के साथ आयोजित किया गया। विभाग का उद्देश्य एक स्वस्थ शिशु के साथ एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके को जागरूक करने का था द्य

इसी के तहत बुधवार को महाविद्यालय की छात्राओं एवं समस्त महिला स्टाफ के समक्ष परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला द्वारा जानकारी विस्तृत रूप से दी गई मां का स्तनपान में कितना महत्वपूर्ण है यह बात÷सिर्फ मां ही नहीं पिता की भी जिम्मेदारी सहित पूरे परिवार की जिम्मेदारी है कि जबतक शिशुवती महिला छ्रै माह तक जरूर स्तनपान करवाए। मां शिशु को 6 माह से 2 वर्ष तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान करावें ।जीवन चक्र के 1000 दिवस शिशु के जीवन का सुनहरा पल सर्वांगीण विकास में सहायक होता है द्य इसमें पुरुषों की भागीदारी इसलिए महत्वपूर्ण है कि घरेलू कामकाज को छोड़कर महिला शिशु पर ध्यान केंद्रित कर सकेद्य इस दौरान महाविद्यालय परिवार द्वारा रंगोली स्लोगन पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र -छात्राओं द्वारा विश्व स्तनपान संबंधी रंगोली एवं पेंटिंग स्लोगन तैयार किए सभी विजेता एवं अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया द्य

इस तारतम्य में सप्ताह के अंतिम दिन ÷एक पेड़ मां के नाम÷ थीम के साथ-छात्राओं एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में 25 पेड़ लगाकर वृक्षारोपण किया जाकर वायु दूत एप में इसकी प्रविष्टि की गई द्य



महिला बाल विकास परियोजना के सभी केंद्रों में विश्व स्तनपान सप्ताह समापन का आयोजन किया गया द्य इसी क्रम में सेक्टर 3 के वार्ड नंबर 16 में आयोजन किया गया जिसमें बच्चों एवं धात्री माता का सम्मान किया गया सेल्फी प्वाइंट बनाया गया एवं ÷एक पेड़ मां के नाम÷ लगाकर वायुदूत एप में प्रविष्टि की गई द्य परियोजना स्तरीय कार्यक्रम के समापन में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय प्राचार्य आर. के. चोलकर , परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला, पार्षद मनीषा कौर और पूर्व पार्षद श्रीमती ममता कौर श्री हन्नु सिंह बंजारा, केतकी सेन, स्वास्थ्य विभाग से आशा रीता, बिनम लोवंशी, सहित महाविद्यालय के स्टाप मौजूद थे।

# आदिवासी दिवस मनाने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से उपस्थित की अपील की कांग्रेस ने

सिवनी-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश को आजाद कराने के लिए कांग्रेस के असंख्य नेताओं ने अपने सर्वस्व का त्याग किया और सैकड़ो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जीवन का बलिदान किया, ब्रिटिश साम्राज्य को देश से उखाड़ फैंकने के लिए पूज्य बापू ने भारत छोड़ो आंदोलन का शंखनाद कर स्वतंत्रता प्राप्ति के इस आंदोलन को एक नई शक्ति प्रदान की थी। इस देश को आजाद कराने में कांग्रेस के पूज्य नेताओं का त्याग, बलिदान एवं संघर्ष का विश्व में अनुठा इतिहास है। भारत छोड़ो आंदोलन में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया, महिला नेत्री ऊषा मेहता द्वारा एक भूमिगत रेडियो स्टेशन स्थापित करने में मदद की जिससे आंदोलन के बारे में जागरूकता पैदा हुई, भारत छोड़ो आंदोलन के कारण देश में राष्ट्रवाद का उदय हुआ, देश में एकता और भाईचारे की एक विशिष्ट भावना पैदा हुई, कई छात्रो ने स्कूल, कॉलेज छोड़ दिया, अनेक लोगो ने अपनी नौकरी छोड़ दी, इस आंदोलन से ब्रिटिश प्रशासन को यह अहसास हो गया कि भारत में लम्बे समय तक अब राज करना संभव नही है। अंग्रेजो के साथ भारत की राजनैतिक वार्ता की दशा बदल गई और अंतः स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त हुआ। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन संयुक्त राष्ट संघ ने आदिवासियों के भले के लिए एक कार्यदल गठित किया था, जिसकी बैठक 9 अगस्त 1982 को हुई थी, उसी दिन से संयुक्त राष्ट संघ ने अपने सदस्य देशो को प्रति वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने की घोषणा की,।

## पत्रकार महेश जिला पंचायत एवं रजत मंडी में विधायक प्रतिनिधी नियुक्ती पर समर्थकों में हर्श का माहोल

बदनावर। विधायक भंवरसिंह शेखावत द्वारा विकास को दृष्टिगत रखते हुए निशठावान कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां की गयी। पत्रकार महेश पाटीदार को जिला पंचायत धार में विधायक प्रतिनिधी नियुक्त किया गया। साथ ही विधानसभा में विधायक का मीडिया प्रभारी का दायित्व भी सौंपा गया। महेश पाटीदार को दोहरी भूमिका का दायित्व विधायकजी ने सौंपा है। स्वतंत्र प्रेस क्लब बदनावर के सदस्यों ने पत्रकार महेश पाटीदार का पुशपमाला पहना कर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया

# हम्मालों की ईमानदारी बनी मिसाल, सड़क पर 12.53 लाख से भरा मिला बैग, थाने में दिया



रतलाम के माणकचौक थाना क्षेत्र के व्यस्ततम मार्ग चांदनीचौक, सराफा बाजार क्षेत्र में हम्मालों को एक बैग मिला तो उन्होंने माणकचौक थाने में जमा करा दिया। बैग में 12 लाख 53 हजार 700 सौ रुपए निकले। पुलिस को लगा कि यह रुपए चोरी या किसी अपराध से जुड़े हो सकते हैं और उन्होंने उस दिशा में जांच शुरू की। रात 8-30 बजे टाटानगर निवासी एक व्यापारी ने बैग अपना होने का दावा किया। जिसकी पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों के जरिए पहचान की जा रहीं हैं।

चांदनीचौक क्षेत्र में हम्माली करने वाले रामलाल नायक निवासी ईश्वरनगर एवम भगवान सिंह निवासी ग्राम सागोद को रंग तथा लोहे के कारोबारी इन्दरमल समरथमल चौरडिया की दुकान के सामने सड़क पर एक लावारिस हालत में बैग पड़ा दिखाई दिया। जिसे उसने इन्दरमल समरथमल चौरडिया की दुकान पर रखकर इंतजार किया कि जिस किसी का भी गिर गया होगा वह पहचान बताएगा तो उसे लौटा दिया जाएगा। कुछ देर इंतजार करने के बाद हम्माल रामलाल, भगवान सिंह, तथा व्यापारी सोनू चोरडिया, भरत चौरडिया, संदेश चोरडिया ने बैग खोलकर देखा जिसमें ज्यादा संख्या में रुपए देखने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। तत्काल थाना माणकचौक पुलिस मौके पर पहुंची और नियमानुसार कार्यवाहीं करते हुए रूपयों से भरा बैग जप्त किया। पुलिस ने चोरी या किसी अन्य अपराध से संलिप्तता के संदेह में थाने पर धारा 106 बीएनएसएस के अंतर्गत के रूपयों से भरा बैग जप्त कर विवेचना में लिया गया। जिसे खोला गया तो उसमें तो गिनती करने पर 12 लाख 53 हजार 700 रूपए निकले !

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैरसिया जिला भोपाल (म. प्र. )**
Municipal Council Berasia Dist. Biopal (M.P.)
e-mail-cmoberasiaz@gmail.comfate cmobarisia@mpurban.gov.in
Tet. No. 07565282231
Fax No. 07565282231

कमांक / 1701/ राजस्व / 2024
बैरसिया दिनॉक 07/08/2024

**नामांतरण सूचना**

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपको सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बैरसिया को निम्नलिखित सूची अनुसार नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 151 के अंतर्गत भवन / भूमि का नामांतरण किया जाना है, यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वो 30 दिवस के अन्दर कार्यालय में लिखित में सूचित करें, अन्यथा समयावधि पश्चात् कोई वाद मान्य नहीं होगा।

**नामांतरण की प्रकरणों की सूची**

| क्र. | भवन / भूमि केता का नाम | भवन / भूमि विक्रेता का नाम | भवन /भूमि | भवन / भूमि स्थल का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति प्रेमबाई पत्नी श्री रामदयाल | मेसर्स नुपूर बिहार श्री बलवीरसिंह दांगी | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं. 18 नुपूर बिहार बैरसिया |
| 2 | श्री राजेश शर्मा आ. श्री अवधनारायण शर्मा | श्री नोनितराम राजपूत आ.परसराम राजपूत | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं. 18 विदिशा रोड बैरसिया |
| 3 | श्री दीपिका सोनी प. शैलेन्द्र सोनी, श्री शैलेन्द्र सोनी आ. हजारीलाल | मेसर्स सहज बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स श्री समरजीत सिंह | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं. 14 सहज बिल्डर्स टिकनखेडी बैरसिया |
| 4 | श्रीमति सरोज, मुकेश, दीपक, मनीष जैन पत्नि / पुत्र श्री रमेश कुमार | फौतीनामांतरण | आवासीय भवन | वार्ड नं.09 कुम्हार गली बैरसिया |
| 5 | श्रीमति लक्ष्मी बाई पत्नि श्री कोमलचंद अहिरवार | अ. वहीद खां उर्फ भूरा वहिद आ. श्री अब्दुल गनी | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं.01 बैरसिया |
| 6 | श्री रामबाबू, संतोष, दीपक कुशवाह आ. श्री नारायण सिंह कुशवाह | श्री नारायण सिंह कुशवाह आ. श्री मेहताव सिह कुशवाह | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं.05 टीलापुरा बैरसिया |
| 7 | श्रीमति मुबारिका बानो पत्नि श्री मोहम्मद हुसैन | श्रीमती पुष्पा सेन पत्नी श्री बादाम सिंह | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं. 12 मैला ग्राउण्ड बैरसिया |
| 8 | श्रीमति लक्ष्मी बाई कुशवाह पत्नी श्री प्रीतमसिंह कुशवाह | जय विनायक इन्फ्रा कार्पोश्यान लिमिटेड | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं. 14/18 विदिशा रोड बैरसिया |
| 9 | श्री राजेश परयानी आ. श्री मोहनदास परयानी | मेसर्स सहज बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स श्री समरजीत सिंह | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं. 14 सहज बिल्डर्स टिकनखेडी बैरसिया |
| 10 | श्री अंकित कुशवाह आ. श्री गोपाल सिंह कुशवाह | गोपाल सिंह कुशवाह आ. श्री नन्नूलाल कुशवाह | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं. 05टीलापुरा बैरसिया |
| 11 | श्रीमति मंजू श्रीवास्तव पुत्री स्व. श्री नदकिशोर श्रीवास्तव | फौतीनामांतरण | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं. 05 खटियापुरा बैरसिया |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बैरसिया

## सोशल मीडिया से






विकास का , निवेश का , आसमान छूने को तैयार मध्यप्रदेश.में.लगातार उड़ान भरता मध्यप्रदेशहमारे स्वदेशी एयरक्राफ्ट का दुनिया देख रही है दम....तेजस को देखकर आनंद आ गया.....÷ आज बेंगलुरु में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड को मध्यप्रदेश में ब्रान्च खोलने का दिया प्रस्ताव....

# अदानी विल्मर ने बनाई 6 सौ करोड़ के निवेश की योजना, नए फूड प्रोडक्ट्स लाने की मंशा

अदाणी विल्मर ने इस वित्तवर्ष में क्षमता को बढ़ाने के लिए 600 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है. स्ब्ठ और ष्ट्श्वह्र अंग्शू मलिक (ठ्ठद्दह्यद्धह्व स्ड्डद्यद्यद्बष्द्म) के मुताबिक, निवेश के ज़रिये खाने के तेल के बिज़नेस में प्रोसेसिंग कैपेसिटीज़ का विस्तार किया जाएगा, साथ ही कंज्यूमर्स के लिए नए फूड प्रोडक्ट्स की लॉन्चिंग की जाएगी, ताकि कंपनी ज्यादा वॉल्यूम में ग्रोथ कर सके.

अदाणी ग्रुप और सिंगापुर की विल्मर के बीच बराबर की साझेदारी वाली कंपनी ने यह भी कहा कि अगली फरवरी तक प्रोमोटर्स अपनी हिस्सेदारी 88त्न से कम कर 75त्न तक लाएंगे, ताकि स्श्वक्चढ्ढ के 25त्न न्यूनतम पब्लिक शेयरहोल्डिंग की शर्त को पूरा किया जा सके. कंपनी का मौजूदा मार्केट कैप 45,794 करोड़ रुपये का है.अहमदाबाद स्थित कंपनी खाने के तेल, फूड और स्नस्ष्टत्त बिजनेस में काम करती है. कंपनी अपने ज्यादातर प्रोडक्ट्स को फॉर्च्यून ब्रैंडिंग के तहत बेचती है.सोमवार को जारी नतीजों में अदाणी विल्मर ने स्नङ्क25 की पहली तिमाही में 313.20 करोड़ रुपये का मुनाफा बताया है. जबकि बीते वर्ष की इस अवधि में कंपनी को 78.92 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था.



अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी की आय बढ़कर 14,229.87 करोड़ रुपये हो गई है. जबकि एक साल पहले ये 12,994 करोड़ रुपये थी.न्यूज एजेंसी क्क्षढ्ढ के साथ एक इंटरव्यू में मलिक ने पहली तिमाही के अच्छे प्रदर्शन पर कहा, ÷जून तिमाही हमारे लिए अच्छी रहीज्हम 12त्न वॉल्यूम ग्रोथ और 10त्न वैल्यू ग्रोथ पाने में कामयाब रहेज्खाने का तेल, जो हमारा मुख्य बिजनेस है, में हमने एक मिलियन टन का बिजनेस किया, जो बीते साल से 12त्न ज्यादा वॉल्यूम हैज्÷

जब मलिक से 2024-25 वित्तवर्ष का गाइडेंस पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऊंची ग्रोथ हासिल करने में मॉनसून अहम भूमिका निभाएगा. अच्छी मॉनसूनी बारिश, जिसका बेहतर भौगोलिक वितरण हो, उससे खरीफ की फसल बेहतर होगी और ओवरऑल रूरल इनकम में बढ़ोतरी होगी.

वहीं मौजूदा 3400 करोड़ रुपये के एक्सपेंशन प्लान पर चर्चा करते हुए मलिक ने कहा, ÷कंपनी मौजूदा 2200 करोड़ रुपये के कैपिटल एक्सपेंडिचर प्रोग्राम्स को इस वित्तवर्ष में पूरा कर लेगी, जबकि बीते वित्तवर्ष में लॉन्च किए गए 1200 करोड़ रुपये कैपेक्स को मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगाज्÷

## विनेश फाइनल से क्यों हुईं बाहर, सरकार ने क्या लिया एक्शन, लोकसभा में खेल मंत्री ने दी जानकारी

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ ने पेरिस ओलंपिक से विनेश फोगट को अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के साथ कड़ा विरोध दर्ज कराया है, क्योंकि उनके अंतिम मुकाबले से पहले उनका वजन अधिक पाया गया था। फोगाट की चौंकाने वाली अयोग्यता के संबंध में लोकसभा में विस्तृत बयान देते हुए मनसुख मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

आज उसका वजन 50 किलो 100 ग्राम पाया गया और उसे अयोग्य



घोषित कर दिया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है. आईओए अध्यक्ष पीटी उषा पेरिस में हैं, प्रधानमंत्री ने उनसे बात की और आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।श् उन्होंने फोगट को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का उल्लेख करते हुए कहा, ÷सरकार ने उन्हें निजी कर्मचारियों सहित हर सुविधा प्रदान की।÷ पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट की अयोग्यता ने घरेलू स्तर पर भारी आक्रोश पैदा कर दिया है, विपक्षी नेताओं ने इस घटना की गहन जांच की मांग की है।

## अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज़ और खासतौर पर तैयार किए गए राखी स्टोर के साथ

मुंबई, एजेंसी। भाई-बहनों के अटूट रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन बस कुछ ही दिन दूर है। अगर आप अपने भाई-बहनों पर प्यार और आशीर्वाद न्यौछावर करने की तैयारी कर रहे हैं, तो उन स्वादिष्ट व्यंजनों को भी याद रखें, जो इस खास मौके को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। 1 से 7 अगस्त तक चलने वाले अमेजन फ्रेश सुपर वैल्यू डेज़ में आपको स्वादिष्ट व्यंजनों की तैयारी के लिए खास प्रोडक?ट रेंज मिलेगी। साथ ही यहां आपको अपने भाई-बहनों के लिए एक बेहतरीन गिफ्ट हैम्पर खरीदने का सही मौका भी मिलेगा। ये गिफ्ट इस बात का इजहार करेंगे कि आपके लिए वे कितने मायने रखते हैं। यहां पर ताज़े फलों और सब्जियों से लेकर स्नैक्स, बेवरेजेस और रोज़मर्रा की ज़रूरत की वस्तुओं तक, उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला 45त्न तक की छूट के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। यहां ग्राहक अपने पसंदीदा डिलीवरी स्लॉट को चुन सकते हैं और सबसे स्वादिष्ट भोजन पकाने के लिए दावत, फॉर्च्यून और टाटा संपन्न जैसे लोकप्रिय ब्रांडों पर बड़ी बचत कर सकते हैं। प्राइम ग्राहक फलों और सब्जियों की खरीद पर 200 रुपये तक के कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही अमेजन ग्राहक अपने पहले चार अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 400 रुपये तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं।

### स्वस्थ फेफड़ों की ओर एकराष्ट्रव्यापी यात्रा

नईदिल्ली, एजेंसी। मानसून चिलचिलाती गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन श्वसन स्वास्थ्य के लिए यह एक बड़ी चुनौती लेकर भी आता है। बढ़ी हुई आर्द्रता और नमी से फेफड़ों की स्थिति खराब हो सकती है, इसलिए इस मौसम में एहतियाती उपाय करना बहुत ज़रूरी है।[1] इस बात को ध्यान में रखते हुए सक्रिय रोगी देखभाल के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप, सिप्ला की व्यापक रोगी सहायता पहल - ब्रीथफ्री ने अपनी मानसून यात्रा शुरू की।

## बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में शानदार परिणाम घोषित किए

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रिसिजन इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी अग्रणी कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीएफआईएल) ने हाल ही में आयोजित निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) की बैठक में 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के ऑडिटेड कंसॉलिडेटेड शानदार फाइनेंशियल रिजल्ट की घोषणा की है।

वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, बीएफआईएल के कार्यकारी निदेशक श्री त्रिमन चांडोक ने कहा, हमें वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के हमारे वित्तीय और व्यावसायिक प्रदर्शन को साझा करते हुए खुशी हो रही है, हमने ग्राहकों को जोड़ने और हमारे विशेषज्ञ इंजीनियरिंग उत्पादों की निरंतर मांग के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 55.99 प्रतिशत की मजबूत राजस्व वृद्धि दर्ज की, जिसमें परिचालन से राजस्व 1,753.09 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 1,123.85 करोड़ था। एबिटा में 97.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मार्जिन में 516 बीपीएस की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 19.48 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 24.64 प्रतिशत हो गया, जो ऑपरेशन के पैमाने में वृद्धि और भारी उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण हुआ, जो बेहतर मार्जिन देते हैं।

## टुगेदर फॉर टुमॉरो, इनेबलिंग पीपल' डिजिटल ओलंपिक कम्युनिटी में किया भारत का प्रतिनिधित्व

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, दुनिया भर में ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स के स्मार्टफोन पार्टनर, ने ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के प्रशंसकों सहित अनेक लोगों के लिए टुगेदर फॉर टुमॉरो, इनेबलिंग पीपल नामक एक नई डिजिटल कम्युनिटी लॉन्च करने और उसे बढ़ावा देने के लिए 31 जुलाई को पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ मिलकर एक कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम पेरिस 2024 को समर्पित पेरिस के बहुउद्देश्यीय प्रदर्शनी स्थल 24 में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आईओसी के प्रेसिडेंट थॉमस बाक, आईओसी के टेलीविजन और मार्केटिंग सेवाओं के एमडी ऐनी-सोफी वोमार्ड, पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के प्रेसिडेंट एंड्रयू पार्सन्स, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट और ग्लोबल मार्केटिंग ऑफिस के हेड वायएच ली, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यूरोप ऑफिस के प्रेसिडेंट इल-क्यूंग सुंग और पूर्व स्वर्ण पदक विजेता फ्रांसीसी हैंडबॉल खिलाड़ी और निपुण विजुअल ऑर्टिस्ट और पेरिस 2024 के लिए ओलंपिक संग्रहालय के नेतृत्व में ओलंपियन कलाकार कार्यक्रम के प्रतिभागी ल्यूक अबालो ने भाग लिया।

## अमृतांजन हेल्थकेयर को लगातार दूसरे साल मिला सर्वश्रेष्ठ हेल्थकेयर ब्रांड का सम्मान

मुंबई एजेंसी।भारत में स्वास्थ्य सेवा उद्योग में 131 वर्षों से अधिक समय से अग्रसर, उद्देश्य-संचालित, नवोन्मेषी उत्पाद कंपनी अमृतांजन हेल्थकेयर को सर्वश्रेष्ठ हेल्थकेयर ब्रांड पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अमृतांजन हेल्थकेयर को 7वें ईटी नाउ बेस्ट हेल्थकेयर ब्रांड्स समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया है। पूरे भारत में 1000 से अधिक हेल्थकेयर ब्रांडों की विस्तृत जांच करके एक कठोर चयन प्रक्रिया के माध्यम से यह चुनाव किया गया है। बहुत कम ब्रांड चयन प्रक्रिया के मानदंडों को पूरा कर पाए थे, जिससे अमृतांजन हेल्थकेयर को मिला यह सम्मान और भी अधिक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित हो गया है।

## आईआईटी मद्रास को मिला भारत में अब तक का सबसे बड़ा डोनेशन

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) के एक विशिष्ट पूर्व छात्र डॉ. कृष्ण चिवुकुला (एमटेक, 1970) ने संस्थान के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक 228 करोड़ रुपये का सिंगल डोनेशन दिया है। यह भारत में किसी शिक्षा संस्थान को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा डोनेशन है, जो आईआईटी मद्रास को नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

संस्थान के कैम्पस में आज (6 अगस्त 2024) एक कार्यक्रम में डॉ. कृष्ण चिवुकुला के सम्मान में एक शिक्षा ब्लॉक को कृष्ण चिवुकुला ब्लॉक' नाम दिया गया। इस अवसर पर डॉ. कृष्णा चिवुकुला, आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि, डीन (पूर्व छात्र और कॉर्पोरेट संबंध) प्रो. महेश पंचग्नुला, आईआईटी मद्रास संस्थान उन्नति कार्यालय के सीईओ श्री कविराज नायर, फैकल्टी, शोधकर्ता, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए। डॉ. कृष्णा चिवुकुला 1997 में मेटल इंजेक्शन मोल्डिंग (एमआईएम)' नामक अत्याधुनिक इंजीनियरिंग निर्माण तकनीक भारत लेकर आए जबकि यह टेक्नोलॉजी अमेरिका में भी नई थी।

## विनेश फोगाट पर सीएम मोहन यादव का बयान, बोले ' पूरा देश आपके साथ



भारतीय रेसलर विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक 2024 में अयोग्य घोषित पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की पहली प्रतिक्रियाएं सामने आई है। रेसलर विनेश फोगाट को लेकर आई खबर ने पूरे देश के सपने तोड़ दिया। कुछ ग्राम ज्यादा वजन होने चलते विनेश फोगाट को फाइनल के मैच में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। इस खबर ने देश के हर एक नागरिक के सपने को चकनाचूर कर दिया।

इस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ङ्ग पोस्ट में कहा कि विनेश आप भारत का गौरव हैं और रहेंगी। फाइनल मैच के पहले 100 ग्राम ओवरवेट होने की वजह से आपको डिस्क्वालिफाई घोषित कर देना हर एक भारतीय के लिए बहुत दुख का समय है। इस मुश्किल घड़ी में हर देशवासी आपके साथ खड़ा है। मुझे पूरे देश को विश्वास है कि आप मैदान में न केवल शानदार वापसी करेंगी, बल्कि भारत को फिर से गौरवान्वित करेंगी।

### जलवायु परिवर्तन से अनियमित एवं निरंतर बन रहा मानसून

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीई-ग्लोबल और एसरी इंडिया द्वारा आज जारी अपनी तरह के पहले अध्ययन के मुताबिक, भारत के 84 प्रतिशत से अधिक जिलों में अत्यधिक लू चलने की आशंका है जिसमें से 70 प्रतिशत जिलों में बार बार और अत्यधिक बारिश होने की घटना दर्ज की गई है। अत्यधिक गर्मी और बारिश की घटनाओं की पुनरावृत्ति, तीव्रता और अनिश्चितता हाल के दशकों में बढ़ी है। जहां भारत में पिछले तीन दशकों में मार्च-अप्रैल-मई और जून-जुलाई-अगस्त-सितंबर के महीनों में अत्यधिक गर्म हवाओं में 15 गुनी वृद्धि दर्ज की गई है, अकेले पिछले दशक में तेज लू के दिनों में 19 गुना वृद्धि दर्ज की गई। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारत में मानसून के सीजन में गैर बारिश के दिनों को छोड़कर बढ़ी हुई गर्मी की स्थितियां देखी गई हैं।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड लॉन्च किया

### एनएफओ 08 अगस्त, 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा




नई दिल्ली, एजेंसी। बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की, जो निफ्टी बैंक इंडेक्स को ट्रैक करने वाली एक ओपन-एंडेड स्कीम है। इस इंडेक्स में भारत के अग्रणी बैंक शामिल हैं, जिसमें निजी क्षेत्र के बैंकों का 85ऽ हिस्सा है और शेष हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का है। यह फंड भारत के सबसे बड़े और सबसे अधिक लिक्विड बैंकिंग स्टॉक में निवेश करने का एक सुविधाजनक अवसर प्रस्तुत करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) निवेश के लिए वीरवार, 8 अगस्त 2024 को खुलेगा और वीरवार, 22 अगस्त 2024 को बंद होगा। निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सीधे के माध्यम से किया जा सकता है।

निवेशकों को बंधन निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड पर विचार क्यों करना चाहिए, इस बारे में बात करते हुए बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि जैसे-जैसे भारत की जीडीपी बढ़ती है, वैसे-वैसे क्रेडिट और व्यापक वित्तीय सेवाओं की मांग भी बढ़ती है, जिससे बैंकों के फलने-फूलने का माहौल बनता है। हमारे बैंक, जो कभी हाई एनपीए और कम लाभप्रदता के बोझ तले दबे थे, में उल्लेखनीय बदलाव आया है। अब वे अच्छी तरह से कैपिटलाइज्ड हैं और देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए उनके मुनाफे में वृद्धि होने की संभावना है। बंधन निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड निवेशकों को इस क्षेत्र में निवेश करने का एक सरल और अपेक्षाकृत लागत-कुशल तरीका प्रदान करता है। बैंकिंग क्षेत्र की विकास क्षमता के साथ अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने के इच्छुक निवेशक इस फंड पर विचार कर सकते हैं।

## सवालिया सरकारी कर पद्धति ?

**राकेश दुबे**




सरकार कभी-कभी जल्दबाज़ी में ऐसे कदम उठा लेती है,जिससे बाज़ार में उसकी साख प्रभावित होने लगती है। ऐसा ही एक मामला इन दिनों चर्चा में है,सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की नामी कंपनी इन्फोसिस को कर विभाग की तरफ से प्रारंभिक कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद बाजार एवं अन्यत्र असंतोष दिख रहा है। इस नोटिस में उल्लेख किया गया है कि इन्फोसिस पर भारत एवं विदेश में उसके कार्यालयों के बीच हुए लेन-देन से संबंधित एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की देनदारी बनती है।

इन्फोसिस इस लेन-देन की व्याख्या स्वयं को उपलब्ध कराई सेवा के रूप में कर रही है परंतु, कर विभाग का तर्क है कि विदेश में कंपनी के कार्यालय या सहायक इकाइयां स्वतंत्र हैं, इसलिए कंपनी को उसे कर चुकाना चाहिए।कर विभाग के इस दावे पर स्थिति साफ नहीं है और उलझन बनी हुई है, जिससे बाजार में चिंता और बढ़ गई है। राज्य प्राधिकरण (कर्नाटक) ने भी नोटिस जारी किया था परंतु, अब उसने इसे वापस ले लिया है। कुछ पुराने कर, जिन्हें अब चुकाने के लिए कहा जा रहा है, वे समय से परे (टाइम बार्ड) हो सकते हैं या जल्द इस स्थिति में पहुंच सकते हैं।

यह दावा जुलाई में निर्गत एक परिपत्र में दिए गए एक प्रावधान से निष्प्रभावी हो भी सकता है और नहीं भी। अन्य आईटी कंपनियां, जिनकी विदेश में इकाइयां हैं, उनके समक्ष भी यह कर मांग रखी जा सकती है या नहीं भी रखी जा सकती है। यह भी संभव है कि उन्हें जुलाई में निर्गत परिपत्र से सुरक्षा मिल जाए या फिर न मिले। विदेश में सहायक इकाइयां या शाखा कार्यालय रखने वाली विमानन कंपनियों से भी ऐसी मांग की जा सकती है और नहीं भी।

कर दावों पर जिस तरह उलझन की स्थिति बनी है सरकार को इससे निश्चित तौर पर बचने का प्रयास करना चाहिए। यह संभव है कि सरकार ने कानून में वर्णित विभिन्न समय सीमा का पालन करने की हड़बड़ी में इन्फोसिस को 32,400 करोड़ रुपये कर चुकाने के लिए कहा है। सरकार ने कर के रूप में इन्फोसिस से जितनी रकम मांगी है वह कंपनी के मुनाफे के आंकड़े के बराबर नजर आ रही है। यह कानून की मर्यादा का उल्लंघन और व्यावहारिक रूप से करदाता के लिए अवमानना है।

सरकार को कर मांगने से पहले सोच-विचार करना चाहिए था और समग्र कारोबारी मानकों के संदर्भ में निर्णय लेना था। परंतु, ऐसा नहीं हुआ और एक समय सीमा का पालन करने के लिए उसने आनन-फानन में फैसला ले लिया गया। संभव है कि सरकार ने सोचा होगा कि कंपनी से कर मांगने के बाद जांच-पड़ताल की जाएगी और कुछ अनियमितता दिखेगी तो वह नोटिस वापस ले लेगी। यह रवैया स्वीकार्य नहीं है और उन अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जो कानून की गलत व्याख्या कर नोटिस भेजते हैं।

पिछले दशक में हुए कर सुधार की मूल भावना अधिक पारदर्शिता एवं सटीक अनुमान पर आधारित है। ये दोनों बातें यह व्यावहारिक रूप में भी दिखनी चाहिए। आनन-फानन में भेजे गए ऐसे कर नोटिस इस मूल भावना के बिल्कुल उलट हैं और बाजार व्यवस्था में उलझन की स्थिति खड़ी करते हैं।

इन्फोसिस जैसी कंपनी का सामान्य कारोबारी व्यवहार उचित रूप में कराधान के दायरे में लाया जाता है तो खुली चर्चा के माध्यम से इस दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। परंतु, अचानक एवं पिछली तारीख से इसे लागू करना उचित नहीं माना जा सकता। यहां स्थिति कुछ इस तरह है कि एक बड़ी कंपनी एक विशेष आचरण के साथ कई वर्षों से कर चुकाती आ रही है और फिर अचानक कर विभाग को याद आता है कि कर चुकाने का तरीका या आधार ठीक नहीं है।

उसके बाद सरकार तपाक से कर भुगतान की अंतिम तारीख से ठीक पहले कर नोटिस थमाती है। सरकार का यह रवैया अचरज भरा है। केंद्र सरकार लगातार दावा करती रही है कि लोगों एवं कंपनियों में कर का डर दूर किया जा रहा है परंतु, वास्तविकता यह है कि कर अधिकारियों की तरफ से उठाया गया ऐसा प्रत्येक कदम (भले ही बाद में वापस क्यों न ले लिया जाए) इस बात की ओर इशारा करता है कि कर संग्रह तंत्र के संचालन पर नीति निर्धारकों का कम या बिल्कुल नियंत्रण नहीं है। जब तक जीएसटी प्रणाली में सुधार एवं इसे सरल नहीं बनाया जाएगा और कर विभाग की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी तब तक निवेशक भारत में कारोबार करने से कतराएंगे।

## Monetary Policy Key Highlights-एक बार में अब 5 लाख रुपये तक कर सकेंगे PI पेमेंट




नई दिल्ली।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नकदी रहित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और डिजिटल भुगतान को सरल बनाने के लिए एक कदम उठाया है। अब, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से एक बार में पांच लाख रुपये तक के भुगतान किए जा सकते हैं, जबकि पहले इसकी सीमा एक लाख रुपये थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी।

के जरिये अब एक बार में पांच लाख रुपये तक का कर पेमेंट किया जा सकेगा, वर्तमान में यह सीमा एक लाख रुपये है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति के फैसलों को बताते हुए कहा कि चेक क्लीयरेंस सिर्फ कुछ घंटों में करने के लिए कदम उठाने का प्रस्ताव है। उन्होंने पुराने होम लोन पर अतिरिक्त कर्ज (टॉप-अप होम लोन) लेने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई

नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं- आरबीआई एमपीसी ने अगस्त की नीति बैठक में रेपो दर और मौद्रिक नीति के रुख को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। गवर्नर शक्तिकांत दास ने घोषणा की कि एमपीसी ने रेपो दर को 4-2 के बहुमत से 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। एमपीसी ने अपने %आवास वापसी% के रुख को बनाए रखने का भी फैसला किया।

25 के लिए त्नष्ठक्कपूर्वानुमान अपरिवर्तित- स्नङ्घ ने स्नङ्क25 के लिए अपने वास्तविक त्नष्ठक्कविकास पूर्वानुमान को 7.2 प्रतिशत तक बरकरार रखा, पहली तिमाही के साथ 7.1 पर, 7.3 प्रतिशत के पहले के अनुमान से थोड़ा नीचे है। हालांकि, आरबीआइने दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के लिए 7.3 प्रतिशत और चौथी तिमाही के लिए 7.2 प्रतिशत के अनुमान को बरकरार रखा है। वित्त वर्ष 26 की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 7.2 प्रतिशत है।

खाद्य मुद्रास्फीति एक प्रमुख चिंता- एमपीसी ने वित्त वर्ष 25 के लिए अपने सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) आधारित मुद्रास्फीति अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बनाए रखा है। हालांकि, विभिन्न तिमाहियों में मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान में कुछ बदलाव हुए हैं। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही का पूर्वानुमान अब 3.8 प्रतिशत से 4.4 प्रतिशत है, तीसरी तिमाही का पूर्वानुमान अब 4.6 प्रतिशत से 4.7 प्रतिशत है और चौथी तिमाही का पूर्वानुमान अब 4.5 प्रतिशत से 4.3 प्रतिशत है। त्क्त स्नङ्क26 के लिए पूर्वानुमान 4.4 प्रतिशत है। दास ने कहा, %हेडलाइन इन्फ्लेशन में नरमी आ रही है, लेकिन रफ्तार असमान और धीमी है।

# साढ़े तीन एकड़ में काट रहे थे अवैध कॉलोनी एक और एफआईआर हुई दर्ज

**छिंदवाड़ा(सांध्य प्रकाश)।** नगरपालिक निगम द्वारा लगातार शहर में अवैध कॉलोनी काटने वालों पर एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है इसी मामले में एक और एफआईआर नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की सीमा अंतर्गत वार्ड नंबर 16 सिवनी प्राणमोती स्थित भूमि खसरा नं. 47/2/1/1/1 रकबा 1.591 हेक्टेयर भूमि पर भू स्वामी दुर्जन पंद्राम पिता किसनलाल पंद्राम द्वारा विकास की अनुमति लिए बिना अपने स्वामित्व की भूमि को छोटे छोटे भूखण्डो में काटकर उक्त भूखण्डों को विक्रय कर अनाधिकृत कालोनी का निर्माण किया गया। इस कृत्य हेतु जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर संबंधित के विरुद्ध कुंडीपुरा थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

### तीन एकड है कुल रकबा

जिस जमीन पर दुर्जन पंद्राम यह अवैध कॉलोनी काट रहा था वह टोटल साढे तीन एकड के लगभग है वहीं यह जमीन में दुर्जन द्वारा सिर्फ दो रजिस?ट्री ही की गई है.

### इन्हें की रजिस्ट्री

पंजीयन विभाग के अनुसार सन् 2024 को सिर्फ दो ही रजिस?ट्री की है जिसमें 11 जून को राजकुमारी बरकडे को 1 हजार वर्गफुट की रजिस?ट्री की गई है वहीं दूसरी रजिस?ट्री 1 जुलाई को सोनवती उईके को 15 सौ वर्गफुट की रजिस?ट्री की गई है. वहीं विभाग के माने तो रजिस?ट्री करने के लिए विभाग को खसरा की जरूरत होती है वह किसी को मना नहीं कर सकता है क?योंकि उसे राजस्व की हानि होती है.



### अभी तक तक चौदह कॉलोनी हो चुकी अवैध घोषित

नगर निगमें द्वारा बडी कार्यवाही कर अवैध कॉलोनाईजर पर एफआईआर दर्ज करवाकर अभी तक चौदह कॉलोनी अवैध घोषित कर चुकी है वहीं कुछ दिनों पहले मौजा पोआमा खसरा नं. 282/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1 कुल रकबा 1.150 हे0 भूमि, श्री कमलेश गुप्ता पिता श्री श्रवण गुप्ता निवासी छिन्दवाडा द्वारा मौजा खजरी खसरा नं. 336/2/1/1/1/1/1 कुल रकबा 2.250 हे0 भूमि एवं श्री निशाउदीन पिता श्री गयासउदीन निवासी छिन्दवाडा द्वारा मौजा काराबोह खसरा नं. 95/1/1/1/1/1 कुल रकबा 1.050 हे0 भूमि पर कालोनी विकास की अनुज्ञा लिये बिना भूमि का उप विभाजन कर विक्रय किया जा रहा है। नगर निगम छिन्दवाडा के अभिलेखो में इन सभी भू स्वामियों के नाम से कालोनाईजर लाईसेंस नहीं पाया गया। अतिरिक्त कलेक्टर छिंदवाड़ा गठित जांच दल एवं तहसीलदार के प्रतिवेदन में पाया गया कि भू स्वामियों द्वारा द्वारा भूखण्डों का विक्रय किया जा रहा हैं जिस हेतु सक्षम प्राधिकारी से कोई विकास अनुमति नहीं ली गई है और न ही कालोनी में सड़क नाली पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। भू स्वामियों को नगर निगम आयुक्त द्वारा सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए जाने के बाद भी भू स्वामियों द्वारा समाधानकारक उत्तर प्रस्तुत नही किया गया। इसके बाद नगर निगम आयुक्त द्वारा बुधवार को दिनेश कुमरे पिता राजाराम निवासी छिन्दवाडा द्वारा मौजा पोआमा खसरा नं. 282/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1 कुल रकबा 1.150 हे0 भूमि, कमलेश गुप्ता पिता श्रवण गुप्ता निवासी छिन्दवाडा द्वारा मौजा खजरी खसरा नं. 336/2 /1/ 1/1/ 1/1 कुल रकबा 2.250 हे0 भूमि एवं निशाउदीन पिता गयासउदीन निवासी छिन्दवाडा द्वारा मौजा काराबोह खसरा नं. 95/1/1/1/1/1 कुल रकबा 1.050 हे0 भूमि पर विकसित की गई कालोनी को म0प्र0 कालोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानो के अंतर्गत अनाधिकृत कालोनी घोषित कर दिया गया। नगर निगम द्वारा यह कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

### चार अवैध कॉलोनियों के संबंध में छः लोगो पर पहले दर्ज हो चुकी एफआईआर

अवैध कालोनी के मामले में पहले से ही प्रशासन आक्रामक रूख अपनायें हुए है इस प्रकरण के पहले चार अवैध कॉलोनियों के संबंध में छः लोगो पर पहले दर्ज हो चुकी जो इस प्रकार है- 1. मोहम्मद जैद अहमद पिता फिरोज मंसूरी, 2. दानिश खान पिता शराफत खान, 3. सुनील कराड़े पिता काशीनाथ कराड़े, 4. रायसिंह पिता महतू, 5. श्रीराम पिता महतू, 6. गोपाल पिता महतू।

## जिला राजपूत क्षत्रिय सभा ने किया वृक्षा रोपण



**छिंदवाड़ा।** जिला राजपूत छत्रिय सभा के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस के नेतृत्व में सभी समिति के पदाधिकारियों ओर समाज के सदस्यों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के उद्देश्य से इक्कावन पौधों का वृक्षारोपण दो स्थानों में किया गया सर्व प्रथम कुंडीपुरा थाना परिसर में पौधे लगाए गए उसके उपरांत खापा भाट में वृक्षारोपण किया गया यह सभी फलदार वृक्ष लगाए गए और सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि जितने पौधे लगाए गए पूरे के पूरे पौधे जीवित रहे इस प्रकार उनकी देख भाल की जाए। समिति के सदस्यों ने कुंडीपूरा थाना प्रभारी मनोज बघेल का आभार माना कि उन्होंने हमें वृक्षा रोपण हेतु परिसर प्रदान किया। वृक्षारोपण के कार्यक्रम में विशेष रूप से थाना प्रभारी मनोज बघेल हरीश वर्मा, शिवराम उइके, धर्मेंद्र, मानसिंह बघेल, संतोष बघेल, जिला राजपूत क्षत्रीय सभा के संरक्षण लालसिंह चंदेल, मनमोहनसिंह ठाकुर, विवेक सिंह चौहान, अभय सिंह बैस, प्रभात सिंह ठाकुर, इंद्रपाल सिंह बैस, प्रशांत सिंह चंदेल, दिनेश सिंह ठाकुर, उदय सिंह ठाकुर, बहादुर सिंह ठाकुर, शैलेश सिंह ठाकुर, रूपेश सिंह ठाकुर, शरू जित्तू सिंह चंदेल, अजय सिंह चदेल, संदीप सिंह चंदेल, रामू सिंह ठाकुर, रिंकू बैस, आकाश सिंह, सुभम सिंह चंदेल, विनय सिंह चंदेल, सतीश सिंह परमार उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में घायल हुए युवक को डायल-100 सेवा ने अस्पताल पहुँचाया

छिंदवाड़ा। जिला छिंदवाड़ा के थाना देहात के अंतर्गत परताला गाँव में एक मोटर साईकिल का एक्सिडेंट हो गया है जिसमे एक व्यक्ति घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 07-08-2024 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल छिंदवाड़ा जिले के देहात थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-100 स्टाफ आरक्षक मुकेश पटले पायलेट सहदेव पँवार ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि मोटर साइकिल के अनियंत्रित हो जाने से रोहित चोरे पिता पूना राम चोरे उम्र 28 साल निवासी गांगीवाड़ा, मोटर साइकिल से गिर कर घायल हो गये थे। डायल-100 जवानों द्वारा तत्काल घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल छिंदवाड़ा पहुँचाया गया।

## जिला पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता

**छिंदवाड़ा।** जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन छिंदवाड़ा द्वारा 11 अगस्त दिन रविवार को डिस्ट्रिक्ट क्लासिकल बेंच प्रेस स्पर्धा का आयोजन स्टेडियम स्थित पावर जिम में किया जा रहा है. एसोसिएशन के मीडिया इंचार्ज नरेन्द्र सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 14, 15 सितंबर को राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर. सीनियर एव मास्टर क्लासिक बेंच प्रेस कॉम्पिटिशन का आयोजन भोपाल में होने जा रहा है. जिला स्पर्धा मे चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय कॉम्पिटिशन में भाग ले सकेंगे. डिस्ट्रिक्ट कॉम्पिटिशन में सिर्फ जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन छि. से सम्बन्धित खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं. 11 बजे से स्पर्धा प्रारंभ हो जाएगी. सभी प्रतिभागी समय से पूर्व उपस्थित होवे एव अपने साथ आयु सम्बन्धी प्रमाण पत्र अवश्य लाएं. अन्य जानकारी हेतु नरेन्द्र सोनी से संपर्क करें।

## सभी घरेलू गैस उपभोक्ताओं से ई-केवायसी कराये जाने की अपील

**छिन्दवाड़ा।** जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार कुजूर ने बताया कि भारत सरकार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी ऑयल कंपनियों के सभी सामान्य एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के ई-केवायसी कराया जाना अनिवार्य है। जिले में संचालित भारत पेट्रोलियम लिमिटेड, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड अंतर्गत संचालित गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने गैस एजेंसी में पंजीकृत उपभोक्ताओं के अनिवार्य रूप से ई-केवायसी कराई जाये। गैस एजेंसियों में उपभोक्ताओं को प्रदाय किये जाने वाले वाहनों के माध्यम से अनिवार्य रूप से लाउडस्पीकर से आम जनता/घरेलू गैस उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराई जाने के लिये जानकारी दी जाये। उन्होंने जिले के सभी घरेलू गैस उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह अपनी गैस रिफिल के लिये बुकिंग कराते समय गैस एजेंसी में आधार संबंधित दस्तावेज सहित गैस एजेंसी मे उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से अपना ई-केवायसी करायें। ई-केवायसी नहीं कराये जाने की स्थिति में शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी एवं अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित न हो सकें।

## सर्पदंश से महिला की हुई मौत

अमरवाड़ा। थाना अंतर्गत ग्राम डूंगरिया रैयत की रहने वाली शारदा पति धनीराम भलावी उम्र 40 वर्ष को विषैला सर्प ने काट दिया कुछ समय पश्चात उसकी मृत्यु हो गई पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर मृतिका शारदा भलावी के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को दिया और मर्ग कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया

## एक प्राथमिक शिक्षक को अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र जारी

छिन्दवाड़ा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाडा सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा विकासखण्ड जुन्नारदेव की प्राथमिक शाला गोरखपुर के प्राथमिक शिक्षक मनोज कुमार धुर्वे को विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित होना प्रतिवेदित करने पर अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि प्राथमिक शाला गोरखपुर के प्राथमिक शिक्षक मनोज कुमार धुर्वे को 09 नवम्बर 2021 को आरोप पत्र आदि देकर स्पष्टीकरण चाहा गया था। प्राथमिक शिक्षक श्री धुर्वे द्वारा आरोप पत्र का उत्तर दिनांक 24 नवम्बर 2021 को प्रस्तुत किया गया। उत्तर समाधानकारक नहीं होने के कारण उनके विरूध्द विभागीय जांच करने का निर्णय लिया गया। विभागीय जांचकर्ता अधिकारी द्वारा 10 जनवरी 2024 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आरोप प्रमाणित होना प्रतिवेदित किया गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम द्वारा प्राथमिक शिक्षक श्री धुर्वे को अंतिम अवसर प्रदान करते हुये विभागीय जांच प्रतिवेदन की एक प्रति भेजी गई है तथा अपने पक्ष में कोई अभिलेख/दस्तावेज साक्ष्य आदि प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

## 7 प्रतिष्ठानों से 11 गैस सिलेण्डर किये जप्त

छिन्दवाड़ा। जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार कुजूर के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी छिन्दवाड़ा श्री गीतराज गेडाम एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चौरई श्री रवि मुकासी के संयुक्त जांच दल द्वारा गत दिवस नगर छिन्दवाड़ा एवं नागपुर रोड लिंगा एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी परासिया श्री सुमित चौधरी द्वारा परासिया क्षेत्र के होटल एवं अन्य प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री कुजूर ने बताया कि जांच कार्यवाही के दौरान इमलीखेड़ा के श्री रमेश आकरे के वंशिका स्वीटस से 04 घरेलू गैस सिलेण्डर, छिंदवाड़ा नगर के खजरी रोड स्थित अभय मालवीय के सोनल टी स्टॉल से 01 घरेलू गैस सिलेण्डर, ग्राम लिंगा स्थित श्री ताराचंद साहू के गणेश होटल से 01 घरेलू गैस सिलेण्डर व सुनील साहू के दादाजी स्वीट्स से 01 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं रामभाउ दोईफोड़े के राम टी स्टॉल से 02 घरेलू गैस सिलेण्डर, परासिया स्थित विक्की कुम्हारे के गुरूकृपा रेस्टारेन्ट एण्ड ढाबा से 01 घरेलू गैस सिलेण्डर और राहुल चौरसिया के सौरभ ढाबा से 01 घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये गये। इस प्रकार 11 घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग किए जाने वाले 07 प्रतिष्ठानों से 27280 रूपये की सामग्री जप्त की जाकर प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## जाम नदी के ब्रिज की उधड़ी सड़क

छिंदवाड़ा/सौंसर। जामसांवली से मोहगांव को जोड़ने वाले मार्ग में जाम नदी पर करीब साल भर पहले बनकर तैयार हुआ हाईलेवल ब्रिज उधड़ गया है। ब्रिज पर गिट्टियां और रेत अलग-अलग नजर आ रही है। स्थिति ऐसी कि कांक्रीट के तौर पर बिछाई गई गिट्टी व रेत हाथ से उठाकर देखा जा सकता है ब्रिज के दोनों छोर पर एप्रोच रोड पर भी गड्ढे उभर आए हैं। हालांकि उक्त ब्रिज का निर्माण पूरा होने के साथ ही गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए थे। पिछले साल अगस्त में बारिश के दौरान एप्रोच रोड धंस गई थी। जिससे सड़क पर गहरे गड्ढे उभर आए थे। इस बारिश में फिर वैसी ही स्थिति बन रही है।

### निर्माण पर खर्च हुए 12 करोड़ रूपए

जामसांवली से मोहगांव के बीच जाम नदी पर लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग करीब 12 करोड़ रूपए खर्च कर पुल का निर्माण कराया है। वर्ष 2019 से शुरू हुए 100 मीटर लंबे पुल के साथ ही दोनों ओर करीब ढाई सौ मीटर की एप्रोच रोड भी बनाई गई है। पुल 25-25 मीटर के चार स्पॉन बनाए गए हैं। स्पॉन के ऊपर का कांक्रीट उधड़ रहा है।

### आवागमन में हो रही परेशानी

मोहगांव नगर को सित्र जाम सावली मंदिर से जोड़ने वाले उक्त मार्ग पर ट्रेफिक भी हमेशा बना रहता है पुल से



आवागमन करने वाले नजदीकी गांव जाखीवाड़ा के निवासी हेमराज चौधरी और संजय नागदवने का कहना है कि निर्माण के बाद से लगातार पुल में समस्याएं आ रही है। पिछले साल पुल के किनारे की सड़क घंस गई थी, अब कांक्रीट उखड़ रहा है।

### इनका कहना

**जल्द कराएंगे सुधार कार्य**

ब्रिज पर कांक्रीट उखड़ रहा है तो उसका जल्द सुधार कार्य कराया जाएगा। ठेकेदार को पांच साल तक मेंटेनेस करना है।

**नरेंद्र शर्मा,**
**ईई, पीडब्ल्यूडी, ब्रिज**

## छिंदवाड़ा में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ




छिंदवाड़ा। पुलिस विभाग ने मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के सामने हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी अवधेश प्रताप सिंह, सीएसपी अजय राणा समेत शहर के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। एस ए एफ पुलिस बैंड ने शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे देशभक्ति का माहौल बन गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना और एकता की भावना को मजबूत करना है। पुलिस अधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और सम्मान पर जागरूकता फैलाई। सभी ने 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर ध्वज फहराने का संकल्प लिया।

## लगातार हो रही बारिश और हवा तूफान से पीबीजी राइस मिल कंपनी की छत उड़ी

सौसर। लगभग 15 दिनों से लगातार हो रही बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है, जिसके कारण जनजीवन पर भी बड़ा असर पढ़ रहा है, हर तरफ पानी ही पानी हो गया है, बारिश के कारण औधोगिक क्षेत्र बोरगांव खैरीतायगांव फरूड पार्क में स्थापित पीबीजी इंटरनेशनल प्रायवेट लिमिटेड प्लांट नंबर 53 जो चावल (राइस) कम्पनी जिसकी छत की चादर (सीट) बारिश और हवा के कारण उड़ गई, जहां बड़ी मात्रा में रखा खाने का चावल पूरी तरह भीग गया है और यह खराब भी हो गया है, कंपनी द्वारा छत का मरम्मत कार्य किया जा रहा है, कंपनी के स्टॉप कर्मचारी राधेश्याम बालकरे ओम प्रकाश व पवन कोल्हे ने छत उड़ने और चावल पानी में गिला होकर खराब हो गया।

## 11 वाहनों से लिया गया 17300 रूपये का जुर्माना

### 02 मैजिक वाहन को किया गया जप्त



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें 50 स्कूली वाहन, सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 11 वाहनों से 17300 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही दो वाहन (मैजिक) क्रमांक एमपी 28 बीडी 2293 एवं एमपी 28 बीडी 1635 बिना बीमा संचालित पाये जाने पर जप्त कर परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें और मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

## छिंदवाड़ा से जबलपुर सुबह सीधी ट्रेन चलाने की मांग



**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा से जबलपुर ट्रेन चलाने की मांग वरिष्ठ नागरिकोंने की है। छोटी लाईन पर जब ट्रेन चलती थी तो नागपुर-जबलपुर ट्रेन चलती थी। छिंदवाड़ा से नैनपुर तक ट्रेन चलती है, जबकि सीधी ट्रेन छिंदवाड़ा से जबलपुर के लिए चलना चाहिये। छिंदवाड़ा-जबलपुर के लिए शहडोल ट्रेन चलती है जो दोपहर में चलती है, जबकि छिंदवाड़ा से जबलपुर के लिए सुबह चलना चहिये। रेल का किराया कम है, जबकि बस का किराया ज्यादा है, नैनपुर होते हुये जबलपुर जाने में बहुत समय लगता है।

## सी.पी.सी.टी परीक्षा छिंदवाड़ा में कराने की मांग



**छिंदवाड़ा।** सी.पी.सी.टी की परीक्षा का सेन्टर छिंदवाड़ा में खोला जावे। इसका सेन्टर इन्दौर, उज्जैन, ग्वालियर जबलपुर, सागर एवं सतना में है। पिछले कई वर्षो से छिंदवाड़ा में सेन्टर खोलने की मांग कमलनाथ एवं नकुलनाथ से की गई थी, किन्तु उन्होने ध्यान नहीं दिया। नगर के कालेजों में कम्प्यूटर लैब है जहां परीक्षा हो सकती है। परीक्षार्थी को बाहर आने जाने में खर्चा बहुत आता है। सी.पी.सी.टी की परीक्षा प्रदेश का इलेक्ट्रानिक्स विकास कारपोरेशन लेता है। परीक्षा 6 एवं 8 सितम्बर को होगी, जिसके लिए अगस्त माह में आवेदन करना है।

## किसानों को नहीं मिल रही यूरिया

### अमरवाड़ा बस स्टैंड पर किसानों ने किया प्रदर्शन



**अमरवाड़ा।** क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त उड़िया नहीं मिलने की वजह से आक्रोशित किसानों ने अमरवाड़ा नगर के बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया जानकारी के अनुसार किसानों ने बताया कि हम सुबह 4 बजे से अमरवाड़ा वेयरहाउस और मंडी रामगढ़ पहुंच जाते हैं जहां से यूरिया वितरित होती है लेकिन यहां सभी किसानों को यूरिया नहीं दी जा रही है टोकन दिया जा रहा है और उन्हीं को यूरिया दी जा रही है जिसकी वजह से काफी दिक्कतें होती हैं किसानों ने बताया कि हम सुबह से आते हैं और शाम तक खड़े रहते हैं और अभी खेतों में यूरिया डालने का समय है जिसके आक्रोश में किसानों ने अमरवाड़ा बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया मौके पर एसडीएम हेमकरण धुर्वे, तहसीलदार मरावी, नगर निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे दलबल के साथ पहुंचे और सभी किसानों को एसडीएम ने समझाया कि आप सभी को यूरिया मिलेगी इस तरीके का प्रदर्शन करना अच्छा नहीं है और व्यवस्था बनाने बनाने निर्देश दिए और वेयरहाउस मंडी प्रांगण पहुंचकर यूरिया वितरण व्यवस्था का जायजा लिया और कहां की सभी किसानों को यूरिया दिया जाए

## एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर लिया संरक्षण का जिम्मा



छिंदवाड़ा। म.प्र जनअभियान परिषद विकासखंड अमरवाड़ा के सेक्टर क्र. 04 एवम 05 के विभिन्न ग्रामों में परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में एवं ब्लॉक समन्वयक सुश्री वन्दना राकेशियां के मार्गदर्शन में जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था जय शिक्षा समिति एवं सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा सेक्टर क्रमांक चार एवं पांच के ग्रामों में पहुंचकर सेक्टर स्तरीय बैठक आयोजित कर कार्ययोजना तैयार की गई एवं ग्रामीणों एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर फलदार एवम औषधीय पौधे का रोपण किया इस अवसर पर सुश्री वंदना राकेशिया ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना है इससे हमें स्वच्छ हवा मिलेगी। हम कई तरह की बीमारी से बच सकते हैं कई तरह की गंभीर बीमारियां पर्यावरण के दूषित होने से बढ़ रही हैं इसे गंभीरता से समझना होगा और हर व्यक्ति को जनहित व देशहित में पौधारोपण करने का संकल्प लेना होगा। सन ब्राइट कांवेंट स्कूल संचालक शांतनु दास गुप्ता ने बच्चो को पौधरोपण का महत्व बताते हुए संरक्षण की सपथ दिलाई इस अवसर जय शिक्षा समिति के अध्यक्ष डी पी. मालवीय सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिंकी गुनहरे एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## न्यू ब्रान बेबी किट बांटकर किया विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन

सांध्य प्रकाश, विदिशा। माधवराव सिंधिया जिला चिकित्सालय स्थित मेटरनिटी वार्ड में प्रसुताओं को बेबी किट वितरण कर एवं सभी माताओं को बताया गया कि नवजात को सर्वप्रथम मां का दूध ही पिलाना चाहिए जन्म से लेकर 6 माह तक इससे बच्चा स्वस्थ तो रहता ही है एवं उसमें बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है।

बुधवार की दोपहर 12 बजे महावीर इंटरनेशनल केंद्र के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जॉन चेयरपर्सन जीएस चौहान, सचिव सुनील जैन एवं कोषाध्यक्ष अवनेश जैन के नेतृत्व में टीम जिला चिकित्सालय पहुंची एवं वहां पर चिकित्सालय के सह अधीक्षक डॉ. उपाध्याय, मेटरनिटी प्रभारी डॉ. प्रतिभा ओसवाल, डॉक्टर धर्मेंद्र रघुवंशी एवं अस्पताल के स्टाफ ने यह गतिविधि संपन्न की।

इस अवसर पर डा. ओसवाल द्वारा सभी प्रसुताओं को बताया गया कि नवजात शिशु के लिए सबसे अच्छा आहार उसकी मां का दूध है, इसको पिलाने से बच्चा स्वस्थ तो रहेगा एवं मां भी तंदुरुस्त रहेगी। इससे पहले केंद्र अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने आज की गतिविधि का महत्व बताया एवं जॉन



चेयरपर्सन जीएस चौहान द्वारा बताया गया किस प्रकार महावीर इंटरनेशनल देश में लगभग 350 शाखाओं के माध्यम से प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में नवजात बेबी किट का वितरण करती है। केंद्र के सचिव सुनील जैन द्वारा सभी डॉक्टर्स एवं हॉस्पिटल स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

## विधायक ने छात्रावास का किया निरीक्षण

सांध्य प्रकाश, विदिशा। बुधवार को विदिशा विधायक मुकेश टंडन टीलाखेड़ी स्थित संचालित हो रहे आदिम जाति कल्याण विभाग के पोस्ट मैट्रिक और प्री मैट्रिक छात्रावास का निरीक्षण करने पहुंचे। कई प्रकार की समस्याएं उन्हें यहां मिली। समस्याओं को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। कॉलेज के विद्यार्थियों और छात्रावास से संबंधित एक रजिस्टर जो संधारित किया जा रहा था वह छात्रावास की अधीक्षक के घर पर था, जिसे घर से बुलवाया गया। मौके पर ही आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला अधिकारी पारुल व्यास जैन को भी मौके पर बुलाया गया। उन्होंने भी शुरूआती जांच में कई खामियां पाई। वहीं देर शाम तक कलेक्टर ने अधीक्षक पंकज दुबे को निलंबित कर दिया।

### 9अगस्त विश्व आदिवासी दिवस

## आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों व मेधावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान

छिन्दवाड़ा। विश्व आदिवासी दिवस पर स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में मुख्य समारोह का आयोजन किया जावेगा। विविध आयोजनों के साथ ही आदिवासी समाज को दिशा देने व समाज हित में निरंतर कार्य करने वाले वरिष्ठ सामाजिक बंधुओं व मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जावेगा।आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, सभ्यता व संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के लिये मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस पर कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी आदिवासी समाज संगठन, कांग्रेस सेवादल, कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में वृहद कार्यक्रम का आयोजन 09 अगस्त को किया जावेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में संगठन के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से उपस्थित होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें जिला कांग्रेस सहित कांग्रेस के समस्त विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे। दोपहर 12 बजे बड़ा देव सुमरनी के साथ स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। तदोपरांत आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों व मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान के उपरांत वाहन रैली निकाली जावेगी जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुये स्थानीय खजरी चौक पहुंचेगी जहां रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जावेगा।

### जय भीम सेना, ओबीसी महासभा संयुक्त रूप से मनायेगी

**छिन्दवाड़ा।** जय भीम सेना सामाजिक संगठन के आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष सीताराम सरेयाम ने बताया कि 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाते है जिससे कि समाज की मुख्य धारा में कटे होने के कारण आदिवासी समाज पिछड़े हुये है। यही वजह है कि भारत देश समेत तमाम देशों में भी आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिये इन्हें बढ़ावा देने और इनके अधिकारों की ओर ध्यानाकर्षित करने के लिये आदिवासी दिवस मनाया जाता है। श्री सरेयाम ने बताया कि संगठन की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में दोपहर 12 बजे स्थानीय रानी दुर्गावती चौक (खजरी रोड़) पर रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया जायेगा। उसके तत्पश्चात् जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर देश के महामहिम राष्ट्रपति को आदिवासी समाज की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जायेगा।

# राज्यसभा की एक सीट के लिए भाजपा में दावेदारों की कतार, कई दावेदार आए सामने, दिल्ली से होगा फैसला

**भोपाल।** राज्यसभा के लिए मध्यप्रदेश कोटे से महज एक सीट खाली है जिसमें तीन सितंबर को उप चुनाव होना है। यह सीट ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद खाली हुई है। सीट भाजपा के कोटे की थी लिहाजा इस बार भी राज्यसभा में भाजपा का ही कोई नेता जाएगा। लेकिन सवाल इस बात का उठता है कि वो कौन सा नेता होगा जिसे राज्यसभा में जाने का मौका मिलेगा। महज एक सीट को लेकर प्रदेश के कई नेता मन ही मन अपने को दावेदार मान रहे हैं हालाकि अंतिम निर्णय केन्द्रीय नेतृत्व को करना है।

दावेदारों में अगर बात करें तो विधानसभा चुनाव में हार के बाद कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं7 सबसे पहले लाल सिंह आर्य दावेदार बताए जा रहे हैं,तो वहीं पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया को भी इस सीट के लिए दावेदार के तौर पर गिना जा रहा है,वहीं वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा भी राज्यसभा जाने के दावेदार हैं। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल भी इस सीट को




लेकर अपनी दावेदारी ठोंक रहे हैं। विधानसभा चुनाव में जो नेता हारे हैं वो चाहते हैं कि पार्टी उनका पुनर्वास करे जिससे उनकी राजनीतिक पकड़ विधानसभा चुनाव तक बनी रहे। माना यह भी जा रहा है कि भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व इन सभी चेहरों को छोड़ किसी नए चेहरे को मौका देकर एक बार फिर चौंका सकता है क्योंकि मध्यप्रदेश भाजपा की प्रयोगशाला माना जाता है। पिछले राज्यसभा चुनाव में भी भाजपा ने ऐसे ही नेताओं को टिकट देकर चौंकाया था इस लिए माना जा रहा है कि किसी छुपे रुस्तम की किस्मत खुल सकती है और बड़े नेता जो खुद को दावेदार माने बैठे हैं उनका पत्ता कट सकता है। उपचुनाव की अधिसूचना 14 अगस्त को, जबकि नामांकन 21 अगस्त तक होगा7 22 को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 27 अगस्त तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। जरुरी हुआ तो तीन सितंबर को वोटिंग और उसी दिन मतगणना होगी। उप चुनाव छह सितंबर से पहले होना जरुरी है।

## हिंडोला उत्सव



श्रावण मास शुक्ल पक्ष तृतीया हरियाली तीज पर आज श्री रामानन्द आश्रम गुफ़ा मंदिर धाम भोपाल में भगवान लड्डूगोपाल जी का झूला डला गुफा मंदिर धाम के श्री महंत रामप्रवेश दास जी महाराज के सानिध्य में संतो ओर ब्राह्मणों द्वारा वेद मंत्रों के साथ गोपाल सहस्त्रनाम पाठ किया तथा झूले को हरियाली पत्तो ,फूल मालाओं से सजाया गया इसके बाद झूला उत्सव मनाया इसके बाद भगवान के नाम की संकीर्तन किया आरती प्रसादी वितरण हुआ।

पंडित लेखराज शर्मा गुफा मंदिर धाम भोपाल



राठौर समाज की महिलाओं ने हरियाली तीज पर मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की।



1100 क्वाटर स्थित शासकीय राजभोज उ. मा. विद्यालय में श्रीमती मालती राय ने लगभग 19 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद अरविंद वर्मा, मंडल अध्यक्ष मुकुल लोखंडे, प्राचार्या श्रीमती अमृत सिंह, स्कूल टीचर एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

## वाहन चालक ,यांत्रिक कर्मचारी कल्याण संघ का प्रतिनिधिमंडल एसीएस एसएन मिश्रा से मिला



**भोपाल।** शासकीय/अर्द्धशासकीय वाहन चालक, यांत्रिक कर्मचारी कल्याण संघ म.प्र का प्रतिनिधि मंडल ने आज संघ के प्रदेश अध्यक्ष मो.जफर के नेतृत्व में शासन के महत्वपूर्ण विभाग म.प्र स्टेट गैरेज के कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा से मुलाकात की और उनसे स्टेट गैरेज के वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुवार चर्चा की। अपर मुख्य सचिव ने संघ के पदाधिकारीगणों को आश्वासन दिया गया कि संघ की जायज मांगों का हर संभव निराकरण किया जाएगा। संघ के प्रतिनिधि मंडल में संघ के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश संगठन सचिव राजेंद्र मोहनकर, जिला उपाध्यक्ष रामजीलाल, रविंद्र दास खामरा, रतन यादव, रमेश सेजूल, शंकर लाल विनोदिया, रामविलास मांडले, सुरेश, सलीम खान, नरेश नरेश तिवारी, महेश मालवीय आदि पदाधिकारी इस मौके पर उपस्थित रहे।

## 17 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट, ओंकारेश्वर डैम के 18 गेट खोले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में गुरुवार को 17 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने श्योपुर, मुरैना, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सागर, पांढुर्णा, छतरपुर, पन्ना, रीवा, मऊगंज, सीधी, कटनी, उमरिया, शहडोल और डिंडौरी में तेज बारिश होने का अनुमान जताया है। वहीं, बरगी, तवा और इंदिरा सागर बांधों के गेट खुलने से निचले स्तर पर स्थित



ओंकारेश्वर डैम में पानी बढ़ गया है। पानी छोड़ने के लिए बुधवार शाम 4 बजे ओंकारेश्वर बांध के 9 गेट खोले थे। गुरुवार सुबह 9.30 बजे से 18 गेट डेढ़ मीटर तक खोल दिए गए हैं। बांध में कुल गेटों की संख्या 23 है।

बरगी बांध और तवा बांध से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके चलते इंदिरा सागर डैम में पानी की आवक बढ़ती जा रही है। बुधवार शाम 4 बजे डैम के 12 गेट एक से डेढ़ मीटर तक खोले गए थे। गुरुवार सुबह इन 12 गेट की ऊंचाई दो मीटर कर दी गई है। बांध से 5808 क्यूमैक्स पानी छोड़ा जा रहा है। मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि 9 से 12 अगस्त तक प्रदेश में बारिश की स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी नहीं है। इस अवधि में अल्प बारिश का दौर बना रहेगा।

**दमोह में 1 इंच पानी गिरा-** इससे पहले बुधवार को प्रदेश में हल्की बारिश का दौर रहा। दमोह में 1 इंच पानी गिरा, जबकि जबलपुर में पौन इंच बारिश हो गई। खजुराहो, मंडला, सीधी में आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई। धार, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सिवनी, टीकमगढ़, उमरिया और मलाजखंड में भी बूंदाबांदी हुई।

**सीजन की 66 प्रतिशत बारिश हुई, जबलपुर-भोपाल संभाग आगे-** प्रदेश में सीजन की 66प्रतिशत यानी, 24.7 इंच बारिश हो गई है। जबलपुर संभाग में सबसे ज्यादा पानी गिरा है। मंडला में सबसे ज्यादा 37 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि सिवनी में आंकड़ा 35 इंच पार हो चुका है। वहीं, रीवा संभाग के जिले पीछे चल रहे हैं।

## एमपी की एक अधिकारी सहित 20 आईएएस अधिकारी प्रभावित, अमित सिंह नेगी पीएमओ में अतिरिक्त सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा कल रात एडिशनल सेक्रेटरी स्तर पर बड़ा फेरबदल किया है। इसमें मप्र की एक अधिकारी सहित 20 आईएएस अधिकारी प्रभावित हुए हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंगलवार देर शाम आईएएस अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले किए।




इसके तहत 14 अधिकारियों को अतिरिक्त सचिव स्तर पर नई जिम्मेदारी दी गई है, जबकि चार अधिकारियों को अस्थायी तौर पर उनके पदों को अपग्रेड करके अतिरिक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके अुनसार निधि छिब्बर (1994 सीजी) को नीति आयोग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है । टीके अनिल कुमार (19995 केएन) अब ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण विकास विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। वह कैरलिन खोंगवार देशमुख ( 1996 एमपी) के स्थान पर काम करेंगे। धीरज साहू (1996यूपी) अब कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में लघु कृषक कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम के प्रबंध निदेशक हैं तथा उनका पद एवं वेतन अपर सचिव है।

मनीष गर्ग (1996हिमाचल प्रदेश) अब भारत के चुनाव आयोग में उप चुनाव आयुक्त हैं और उनका पद अस्थाई रूप से अतिरिक्त सचिव स्तर पर अपग्रेड करके अतिरिक्त सचिव के पद व वेतनमान पर नियुक्त किया गया है। मनीषा सक्सेना (1996 एजीएमयूटी) को कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग में अपर सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है । विभाग में उप सचिव/निदेशक के रिक्त पद को अस्थायी रूप से उन्नत किया गया है। कैरलिन खोंगवार देशमुख (1996 एमपी) को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। रवीन्द्र कुमार अग्रवाल (1997 केएल) को सहकारिता मंत्रालय में अपर सचिव नियुक्त किया गया है । पुनीत अग्रवाल (1998 टीआर) को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार नियुक्त किया गया है। अमित सिंह नेगी (1999यूके) को प्रधान मंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। मुग्धा सिन्हा (1999 आरजे) को पर्यटन मंत्रालय में महानिदेशक (पर्यटन) नियुक्त किया गया है। वह मनीषा सक्सेना (1996एजीएमयूटी) का स्थान लेंगे। अमनदीप गर्ग (1999हिमाचल प्रदेश) को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। अजय भादू (1999 जीजे) को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग में अपर सचिव नियुक्त किया गया है। आशुतोष अग्निहोत्री (1999 एएम) को गृह मंत्रालय के गृह विभाग में अपर सचिव नियुक्त किया गया है। एन गुलज़ार (1999 एपी) को संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। आशीष चटर्जी (1999 टीएन) जनजातीय कार्य मंत्रालय के भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ के नए प्रबंध निदेशक हैं , तथा उनका पद और वेतन अपर सचिव के स्तर का है। अशोक कुमार सिंह (1999 केएल) अतिरिक्त सचिव के पद और वेतन के साथ श्रम और रोजगार मंत्रालय के कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नए महानिदेशक हैं। इसके साथ ही भावना गर्ग (1999 पीबी) को अतिरिक्त सचिव के पद और वेतन पर डीडीजी, यूआईडीएआई, आरओ, चंडीगढ़, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के पद पर नियुक्त किया गया है।

पुनीत यादव (1999 पश्चिम बंगाल) को कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग में अपर सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है।

## आरसीबी के कर्मचारियों की भूख हड़ताल स्थगित, प्रशासन ने चार सूत्रीय मांगें मंजूर की

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी समिति राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कर्मचारी समिति भोपाल की भूख हड़ताल दूसरे दिन चार सूत्रीय मांगे प्रशासन द्वारा मंजूर करने एवं 3 सप्ताह में 29 अगस्त तक आदेश जारी करने की घोषणा करने के बाद स्थगित करने की घोषणा की गई यदि 3 माह में आदेश जारी नहीं हुई तो पुनः 31 अगस्त 2024 से पुन आंदोलन शुरू किया जाएगा रजिस्टर डॉक्टर मोहन सेन ने भूख



हड़ताल आंदोलन करने वाले कर्मचारियों को जूस पिलाकर भूख हड़ताल आंदोलन समाप्त कराया आंदोलन का नेतृत्व अशोक पांडे भूख हड़ताल पर बैठने वाले कर्मचारियों के नाम अमर अहिरे जगदीश शर्मा कुमारी शाजली इजहार आरिफ मोहम्मद राज बिहारी पांडे राजबहोर सेन विजय रायाकवार संतोष सूर्यवंशी प्रियंका शर्माकुलदीप सिंह तोमर आदि शामिल थे।

मध्य प्रदेश कर्मचारी वंश के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने चार सूत्रीय मांगे जो प्रमुख रूप से मंजूर करी है उनमें 1 स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के निधन के उपरांत उनके आश्रितों को आउटसोर्स के स्थान पर स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी के रूप में अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी 2 विनियमित कारण से वंचित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमित स्थाई कर्मी मनाया जाएगा 3 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को अर्ध कुशल एवं कुशल श्रमिक की श्रेणी के रूप में नियुक्त किया जाएगा 4 स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियमित किया गया है उसमें भारी विसंगति है उसमें मंत्रालय से सहमति लेकर सुधार किया जाएगा।



## एनएसयूआई की भूख हड़ताल, छात्र नेता हुआ बेहोश

**ग्वालियर।** जीवाजी यूनिवर्सिटी द्वारा प्राइवेट कॉलेजों को संबद्धता दिए जाने में भ्रष्टाचार को लेकर धरना प्रदर्शन के बाद मंगलवार को एनएसयूआई के छात्र नेता भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। मंगलवार को भी इनको जबरन हटाने का प्रयास कियास था। पर बुधवार रात भूख हड़ताल पर बैठे छह छात्र नेताओं में से चार की हालत बिगड़ गई। बुधवार रात एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष युवराज पवैया बेहोश होकर गिर पड़े थे। मौका की तलाश में बैठी पुलिस और प्रशासन की टीम डॉक्टरों को लेकर पहुंची और छात्र नेता युवरात सहित चार छात्र नेताओं को एम्बुलेंस में लेकर मुरार अस्पताल पहुंची है। जिसमें युवरात को भर्ती किया गया है। जबकि छात्र नेता जिलाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा और राहुल मावई अभी भी आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।

ग्वालियर में हस्ढ्ढ के छात्र नेता लगातार जीवाजी यूनिवर्सिटी द्वारा प्राइवेट कॉलेजों को संबद्धता दिए जाने में भ्रष्टाचार को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आए दिन विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किए जा रहे थे, लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कोई उचित जवाब नहीं दिया जा रहा था। जिस कारण मंगलवार से हस्ढ्ढ के छात्र नेता जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष युवराज पवैया अपने पांच अन्य साथियों सैंकी, कृष्णा, अंकित, पवन व राहुल मावई के साथ आमरण अनशन (भूख हड़ताल) पर बैठ गए थे।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
सुमन

गर्भावस्था में उच्च जोखिम स्थिति एवं
गर्भस्थ शिशु में होने वाली विकृतियों की पहचान हेतु
सोनोग्राफी अति आवश्यक है



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री



**डॉ. मोहन यादव,** मुख्यमंत्री



- प्रत्येक माह की **9 एवं 25 तारीख** को गर्भवती महिलाओं को संबद्ध **प्राइवेट सोनोग्राफी केन्द्रों** पर नि:शुल्क सोनोग्राफी सुविधा **9 अगस्त 2024 से प्रारंभ**
- शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत प्रत्येक माह की **9 एवं 25 तारीख** को गर्भवती महिलाओं का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध

D-11045/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024